दैनिक
RNI No. MPHIN/2018/77427
सच कहने का साहस
# चम्बल नवराष्ट्र
CHAMBAL NAVRASHTRA
web portal : cnnews.co.in | Email : guptavineet087@gmail.com | Share Events & News 8889307028
वर्ष -6 अंक-221 | भोपाल, सोमवार 22 जुलाई 2024 | पृष्ठ -8 मूल्य-2.00

### मानसून सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक, 44 पार्टियां शामिल हुईं

# कांग्रेस ने डिप्टी स्पीकर पद मांगा; नीट, कांवड़ यात्रा का मुद्दा भी उठा



**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र और बजट से पहले पार्लियामेंट हाउस में ऑल पार्टी मीटिंग बुलाई गई। बैठक में बीजेपी समेत 44 पार्टियों ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता राजनाथ सिंह ने की। कई केंद्रीय मंत्री इसमें शामिल हुए। विपक्ष की तरफ से कांग्रेस, AAP, AIMIM, YSRCP व अन्य पार्टियों ने हिस्सा लिया।

कांग्रेस ने लोकसभा के डिप्टी स्पीकर का पद मांगा। साथ ही कहा- NEET मामले में लोकसभा में चर्चा हो। सपा नेता रामगोपाल यादव ने यूपी कांवड़ यात्रा रूट की दुकानों पर नेम प्लेट लगाने का मुद्दा उठाया।कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया- बैठक में जेडीयू ने बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा मांगा, YSRCP ने आंध्र प्रदेश को भी विशेष दर्जा देने की मांग की।

केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई इस बैठक में ममता बनर्जी की पार्टी TMC नहीं आई। पार्टी के नेता डेरेक ओ'ब्रायन ने संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजीजू को चिट्ठी लिखकर बताया था कि उनकी पार्टी का कोलकाता में कार्यक्रम है, इसलिए बैठक में शामिल नहीं हो पाएंगे।

सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, हमने बहुत उपयोगी चर्चा की। मैं सभी पार्टियों के फ्लोर लीडर्स को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने अच्छे सुझाव दिए। हमने संसद के सभी सदनों के नेताओं से सुचारु रूप से सुझाव लिए हैं, यह सरकार और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है। साथ ही अपील की है कि हम लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सरकार निर्धारित नियमों का पालन करते हुए संसद में किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए, तैयार है। सर्वदलीय बैठक मानसून सत्र के दौरान संसद अच्छे से चलाने के लिए बुलाई जाती है। विपक्ष और सरकार के बीच कुछ मुद्दों को लेकर हमेशा टकराव की स्थिति बनी रहती है, इसलिए संसद में हंगामा होता है और सत्र ठीक से नहीं चल पाता।

संसद की एक मिनट की कार्यवाही पर करीब ढाई लाख रुपए खर्च होते हैं। यानी हर घंटे के हिसाब से यह रकम 1.5 करोड़ रुपए होती है। यह खर्चा सांसदों को मिलने वाली सैलरी, अलाउंस, संसद सचिवालय पर होने वाले खर्च, सचिवालय स्टाफ की सैलरी और सांसदों को सुविधाओं पर खर्च होता है। यानी जब-जब हंगामे के कारण संसद स्थगित होती है तो यह नुकसान आम जनता का होता है, क्योंकि वह टैक्स के रूप में लाखों रुपए देती है।

## सीएम धामी की घोषणा, अग्निवीरों को आरक्षण देगी सरकार, कहा- जरूरत पड़ी तो बनाएंगे कानून



**देहरादून।** उत्तराखंड में अग्निवीरों को सरकार अब आरक्षण देगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को एक कार्यक्रम के दौरान इसकी घोषणा की। सीएम धामी ने कहा कि सरकार ने पहले ही निर्णय लिया था कि प्रदेश के अग्निवीरों को सरकारी विभागों में नियुक्तियां दी जाएंगी। सरकार उन्हें आरक्षण भी देगी। अगर जरूरी होगा तो इसके लिए एक्ट भी बनाया जाएगा। सीएम धामी ने कहा कि चार साल सेना की नौकरी के बाद वापस आने वाले अग्निवीर अपने सुरक्षित भविष्य को लेकर आशंकित न रहें। इसके लिए ठोस योजना तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।

### संजय सिंह बोले

# क्या कोई व्यक्ति खुद अपनी सेहत से खिलवाड़ करेगा? केजरीवाल को जान से मारने की साजिश



**नई दिल्ली।** सीएम अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य को लेकर आम आदमी पार्टी तिहाड़ जेल प्रशासन और भाजपा पर लगातार हमलावर है। आप सांसद संजय सिंह ने जेल में केजरीवाल की जान को खतरा बताया है। उन्होंने कहा कि उन्हें जान से मारने की साजिश रची जा रही है। भाजपा, केंद्र सरकार और दिल्ली के एलजी अरविंद केजरीवाल की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं।

संजय सिंह ने कहा, पहले भाजपा, एलजी और जेल प्रशासन ने कहा था कि अरविंद केजरीवाल जान-बूझकर अपनी शुगर बढ़ा रहे हैं। वह मिठाई खा रहे हैं। इन लोगों ने उन्हें इंसुलिन तक नहीं दी। वो तो कोर्ट के आदेश पर इंसुलिन दी गई। अब कह रहे हैं कि केजरीवाल जी कुछ खा ही नहीं रहे हैं। वह इंसुलिन ले ही नहीं रहे हैं। आपने क्या मजाक लगा रखा है? क्या कोई व्यक्ति खुद ही अपनी सेहत से खिलवाड़ करेगा? भाजपा और एलजी अरविंद केजरीवाल जी की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्हें जान से मारने की साज़िश रची जा रही है।

उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल का शुगर लेवल कई बार 50 के नीचे पहुंच गया था। यह रिपोर्ट किसी और ने नहीं बल्कि भाजपा के जेल प्रशासन के डॉक्टर द्वारा ही उपलब्ध कराई गई है। भाजपा के एलजी और जेल प्रशासन बार-बार मुख्यमंत्री की तबीयत को लेकर झूठ बोल रहे हैं। यह हत्या के प्रयास का मामला भी हो सकता है। हम इस साजिश में शामिल लोगों के खिलाफ हत्या का प्रयास मामले में मुकदमा भी दर्ज करा सकते हैं। भाजपा, एलजी और केंद्र सरकार केजरीवाल को जान से मारने की साजिश रच रहे हैं और इसलिए ही उन्हें जमानत मिलने के बाद भी एक फर्जी मामला बनाकर जेल में कैद करके रखा गया है।

# नूंह में ब्रजमंडल यात्रा को लेकर मोबाइल इंटरनेट बंद

### बल्क एसएमएस पर भी रोक, पैरामिलिट्री तैनात, ड्रोन से निगरानी; पिछले साल हिंसा हुई थी



**नूंह।** हरियाणा के नूंह में कल सोमवार को ब्रजमंडल यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में पिछले साल जमकर हिंसा हुई थी। जिसमें 7 लोगों की मौत हुई और 150 से ज्यादा गाड़ियां फूंक दी गई थी। इस बार हिंसा न हो, इसके लिए सरकार और प्रशासन ने पुख्ता बंदोबस्त किए हैं। यहां आज 21 जुलाई रविवार शाम 6 बजे से कल 22 जुलाई सोमवार शाम 6 बजे तक 24 घंटे के लिए मोबाइल इंटरनेट बंद कर दिया गया है।

एक साथ बहुत सारे यानी बल्क स्स्र भेजने पर भी रोक लगाई गई है। डोंगल इंटरनेट भी नहीं चलेगा। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस के साथ पैरामिलिट्री फोर्स भी तैनात की गई है। ड्रोन के जरिए पूरे नूंह की निगरानी की जा रही है। यहां जमीन से आसमान तक सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं नूंह में इंटरनेट बंद करने को लेकर जिला मजिस्ट्रेट धीरेंद्र खड़गट ने कहा- इंटरनेट सेवाओं का मिसयूज कर भड़काऊ सामग्री, झूठी अफवाहों का प्रसार किया जा सकता है। इसके परिणामस्वरूप जिले में सार्वजनिक संपत्तियों व सुविधाओं को नुकसान और कानून एवं शांति व्यवस्था भंग हो सकती है।

मोबाइल इंटरनेट से वॉट्सऐप, फेसबुक, ट्विटर आदि विभिन्न सोशल मीडिया माध्यमों से गलत सूचना व अफवाह फैलाई जा सकती हैं। भीड़ को इकट्ठा कर आगजनी, बर्बरता या किसी प्रकार की हिंसा हो सकती है। सार्वजनिक और निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया जा सकता है। ऐसा न हो, इसके लिए प्रशासन ने यह कदम उठाया है। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक सुविधा व लोगों की बुनियादी घरेलू जरूरतों को समझते हुए पर्सनल SMS, मोबाइल रिचार्ज, बैंकिंग SMS, वॉयस कॉल, कॉर्पोरेट और घरेलू ब्रॉडबैंड और लीजलाइनों द्वारा मिलने वाली इंटरनेट सेवाओं को छूट दी गई है।

नूंह में पुलिस और पैरामिलिट्री जवानों की तैनाती की गई है। घुड़सवार दस्ते भी ड्यूटी पर मुस्तैद किए गए हैं।

### कोलकाता में टीएमसी की शहीद दिवस रैली अखिलेश बोले-

# दिल्ली की सरकार जल्द गिरेगी, ममता ने कहा- मैं भी इससे सहमत



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कोलकाता के एस्प्लेनेड में शहीद दिवस रैली की। रैली को ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस (TMC) नेताओं के अलावा समाजवादी पार्टी (SP) के मुखिया अखिलेश यादव ने भी संबोधित किया।

पश्चिम बंगाल में लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में एकतरफा जीत के बाद ज्ञस्श्च की यह पहली बड़ी रैली है। इसमें लाखों कार्यकर्ता शामिल हुए। ममता हर साल शहीद दिवस रैली के मंच से पार्टी की रणनीति की घोषणा करती हैं।

टीएमसी की शहीद दिवस रैली में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, जब हम देश की राजनीति को देखते हैं तो आज की चुनौती बढ़ी है। सांप्रदायिक ताकतें षड्यंत्र रच रही हैं। जो सत्ता में लोग हैं और दिल्ली के इशारे पर जो लोग अलग-अलग जगहों पर बैठे हैं वो लगातार षड्यंत्र कर रहे हैं। बंगाल में आपने भाजपा को पीछे छोड़ दिया, उत्तर प्रदेश ने भी आपके साथ मिलकर पीछे छोड़ दिया। ये जो कुछ दिन के लिए सत्ता में आए हैं ये कुछ दिन के मेहमान हैं। दिल्ली की सरकार चलने वाली नहीं है। वो सरकार गिरने वाली है। हम एक दिन देखेंगे कि यही सरकार गिरेगी और हमारे आपके लिए खुशियों के दिन आएंगे। रैली में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, मैं चाहती हूं कि बंगाल के साथ हिंदुस्तान के संबंध अच्छे हों। आप (अखिलेश यादव) यहां आए, मैं आपका शुक्रिया अदा करती हूं। मैं समाजवादी पार्टी का अभिनंदन करना चाहूंगी क्योंकि उत्तर प्रदेश में आपने जो खेल दिखाया है। मैं आपके साथ सहमत हूं कि दिल्ली में सरकार ने एजेंसी लगाकर, चुनाव आयोग को लगाकर जो सरकार लाई गई है, वह सरकार स्थिर नहीं है, वह सरकार कभी भी जा सकती है। अभिषेक बनर्जी ने रैली में कहा- जिन्होंने कहा था अबकी बार 400 पार, वे 240 पर ही रुक गए। जिन्होंने बंगाल में कहा था कि अबकी बार 200 पार उन्हें जनता और तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों ने 70 पर रोक दिया है।

# केदारनाथ पैदल मार्ग पर 3 तीर्थ यात्रियों की मौत, 8 लोग घायल



**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर पत्थर गिरने से तीन तीर्थयात्रियों की मौत हो गई है। इस हादसे में 8 लोग घायल हुए हैं। यात्री गौरीकुंड से 3 किलोमीटर दूर चिड़वासा में बने पैदल मार्ग से केदारनाथ धाम की तरफ जा रहे थे, जब वे सुबह करीब 7:30 बजे पत्थरों की चपेट में आ गए।

हादसे की जानकारी रुद्रप्रयाग डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर मैनेजमेंट के नंदन सिंह रजवार ने दी है। रजवार ने बताया कि मरने वालों में महाराष्ट्र के नागपुर से किशोर अरुण परते, जालना के सुनील महादेव काले और रुद्रप्रयाग के अनुराग बिष्ट शामिल हैं। SDRF की टीमों ने हादसे के बाद मलबे से 8 लोगों का रेस्क्यू किया। ये सभी घायल थे, इन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। मौसम विभाग ने भी उत्तराखंड में अगले 48 घंटों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। कुमाऊं क्षेत्र के लिए रेड अलर्ट और गढ़वाल क्षेत्र के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है।

ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए घटिया निर्माण की खुली पोल...

# चंद महीनों में उखड़ गई लाखों की लागत से बनी सीसी सड़क

जगदीश प्रजापति

**श्योपुर ( चम्बल नवराष्ट्र )।** श्योपुर जिले की ग्राम पंचायत पांडोला में बाल्मीकि बस्ती से नसीर जी तक बनाई गई सीसी सड़क एक बारिश नहीं झेल सकी। नतीजतन लाखों रुपए की लागत से बनाई गई यह सड़क जगह जगह से उखड़ने लगी है। इस सड़क के निर्माण में ग्राम पंचायत द्वारा गुणवत्ताहीन सामग्री का बेजा इस्तेमाल किया गया। वहीं सरपंच सचिव ने इस निर्माण कार्य में मानकों के आधार पर कार्य नहीं किया। सड़क निर्माण में कम मात्रा में सीमेंट डालने के कारण यह जगह जगह से टूट गई है। इसकी मोटाई छह इंच की बजाय तीन इंची की गई इसके चलते यह सीसी सड़क कुछ महीने भी नही टिक पाएगी। घटिया निर्माण को लेकर बाल्मीकि बस्ती के वासिंदे इस मामले की शिकायत पंचायत एवं ग्रामीण विभाग के अधिकारियों से करने की भी बात कह रहे हैं।







## मनरेगा में चल रही रोजगार सहायक की मनमानी

ग्राम पंचायत पांडोला में सरपंच सचिव तो दूर, रोजगार सहायक भी अपनी मनमानी करने पर उतारू हैं। पंचायत में मनरेगा के तहत चल रहे निर्माण कार्यों में रोजगार सहायक मजदूरों के हक पर डाका डालकर फर्जी मस्टर भर रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत में सरपंच-सचिव द्वारा मजदूरों की जगह ठेकेदार द्वारा सीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा है। वहीं गांव में मनरेगा के तहत लोगों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। यही वजह है कि काम की तलाश में गांव के लोग श्योपुर के अलावा दूसरे शहर में पलायन कर गए हैं। रविवार को दैनिक चम्बल नवराष्ट्र प्रतिनिधि ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया तो मनरेगा के तहत चल रहे निर्माण कार्य में एक भी मजदूर काम करते हुए नहीं मिला। वहीं मनरेगा के पोर्टल पर रविवार को 19 मजदूरों के खाते में मजदूरी का भुगतान करना दर्शाया गया है। इसका मतलब यह है कि रोजगार सहायक द्वारा मजदूरों के नाम पर शासन को भी चूना लगाया जा रहा है।

## मुनाफा कमाने के चक्कर में बर्बाद कर रहे सरकारी राशि

ठेकेदार ज्यादा फायदा कमाने के चक्कर में निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन करवा रहा है। इसके अलावा सड़क के दोनों ओर नाली-नाले का निर्माण भी नहीं कराया जा रहा है। इससे यह सीसी सड़क निर्माण के चंद महीनों बाद ही जल भराव होने और घटिया निर्माण की वजह से उखड़कर बर्बाद हो जाएगी। बाल्मीकि बस्ती के लोगो का कहना है कि सड़क निर्माण की शिकायत जनपद के अलावा अन्य अधिकारियों से भी करेंगे पंचायत पदाधिकारी मनमाने तरीके से काम करवा रहे हैं।

# कन्या शिक्षा परिसर ढेगदा में मना गुरू पूर्णिमा उत्सव




**श्योपुर।** आदिम जाति कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित आवासीय विद्यालय कन्या शिक्षा परिसर ढेगदा में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरू पूर्णिमा उत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। प्राचार्य श्री राजकुमार कंसल की अध्यक्षता में आयोजित गुरू पूर्णिमा उत्सव के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जिला समन्वयक कान्हा शांतिवनम हैदराबाद हार्टफुलनेस संस्था से श्री रामप्रसाद पारेता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता श्री विद्यासागर गौतम उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियो द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवल एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओ द्वारा अतिथियों एवं समस्त गुरूजनो को पुष्पगुच्छ एवं कलम भेंटकर गुरूओ के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन में गुरू की महिमा, गुरू शिष्य परम्परा पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन श्री संजय बालोठिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में स्टॉफ श्री कौशल शर्मा, श्री प्रभाष कुमार झा, श्री पंकज मथुरिया, श्री रवि कलावत, श्रीमती अर्पणा कौरव, श्रीमती रूबी बंसल, श्रीमती शबाना कुरैशी तथा अधीक्षिका श्रीमती संतोष गौतम उपस्थित थी।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 सितंबर को

**श्योपुर।** विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार एवं श्री राकेश कुमार गुप्त, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर के मार्गदर्शन में 14 सितंबर, 2024 (शनिवार) को जिला न्यायालय, श्योपुर एवं तहसील न्यायालय विजयपुर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उक्त नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, सिविल प्रकरण, बैंक रिकवरी, एन.आई.एक्ट की धारा 138, क्लेम प्रकरण, लेबर डिस्प्यूट, विद्युत एवं जलकर, पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, राजस्व प्रकरण (जिला न्यायालय में लंबित) के साथ-साथ विभिन्न विभागों के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में एन.आई.एक्ट की धारा, 138, क्लेम प्रकरण, लेबर डिस्प्यूट, विद्युत एवं जलकर तथा अन्य राजीनामा योग्य पारिवारिक प्रकरण, आपराधिक प्रकरण एवं सिविल प्रकरणों का निराकरण भी किया जायेगा।

# बडौदा महाविद्यालय में गुरू पूर्णिमा उत्सव आयोजित

## एक पेड मॉ के नाम अंतर्गत पौधरोपण भी किया

**श्योपुर।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय बडौदा में गुरू पूर्णिमा उत्सव का आयोजन कर गुरूजनो का सम्मान किया गया। इस अवसर पर युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा विद्यावन महोत्सव अंतर्गत एक पेड मॉ नाम पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ भी हुआ। सेवा निवृत्त शिक्षक श्री भवानी शंकर मीणा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित गुरू पूर्णिमा उत्सव एवं सम्मान समरोह में पूर्व नगरपरिषद अध्यक्ष बडौदा डॉ गोपाल आचार्य, नगरपरिषद अध्यक्ष बडौदा के प्रतिनिधि श्री राजू सुमन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर आरआर मुवेल द्वारा गुरू शिष्य परम्परा पर प्रकाश डाला गया तथा मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों को शॉल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा अतिथियों एवं गुरूजनो को तिलक लगाकर पुष्पाहारो के साथ सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा भारत की एतिहासिक परम्पराओ, गुरू शिष्य संबंध के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को गौरवशाली इतिहास की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यावन महोत्सव अंतर्गत एक पेड मॉ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर देवेश सिरोठिया ने तथा आभार प्रोफेसर कल्याण सिंह कुशवाह द्वारा व्यक्त किया गया।

# सिद्ध स्थल करह धाम पर भीड़ के चलते हाईवे पर जाम में फंसे सैकड़ों वाहन

**मुरैना।** गुरु पूर्णिमा के चलते सिद्ध स्थल करह धाम पर रविवार की सुबह से हजारों लोगों की भीड़ के चलते टेकरी से नूराबाद के बीच हाईवे पर कई घंटे तक भीषण जाम लग गया और सैकड़ो वाहन इस जाम में फंस गए। जाम को देखते हुए पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे दिन मशक्कत करनी पड़ी। इधर गुरु पूर्णिमा के चलते करह धाम, जरेरुआ सरकार के अलावा घिरौना सरकार मंदिर सहित अन्य तपोभूमि स्थलों, मंदिरों पर गुरुओं की पूजा अर्चना के लिए सुबह से ही शिष्यों की भारी भीड़ देखने को मिली, जबकि गुरु पूर्णिमा रविवार की शाम 5:37 बजे के बाद से बताई गई है और सोमवार की शाम तक रहेगी। शिष्य बिना मुहूर्त देखे ही गुरुओं की पूजा अर्चना के लिए निकल पड़े।



रविवार की सुबह 4:00 से ही महिला, पुरुष, बच्चे, युवा बड़ी संख्या में घरों से निकलने लगे। कोई दो पहिया वाहन से, कोई ई-रिक्शा से तो कोई किराए के अन्य वाहनों से अपने-अपने गुरुओं के स्थान पर चल पड़े। मुरैना गांव स्थित दाऊजी मंदिर पर शहर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुबह से ही पैदल निकल गए। सिद्ध स्थलों पर तो सुबह से ही हजारों की संख्या में लोग पहुंचने लगे और पूरे श्रद्धा भाव के साथ वहां पहुंचकर अपने गुरुओं की पूजा अर्चना कर दान दक्षिणा एवं अन्य सामान भेंट किए और आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर गुरुओं की तरफसे सिद्ध स्थलों पर भंडारों का आयोजन किया गया। मुरैना मुख्यालय से सटे सिद्ध स्थल करह धाम, जरेरूआ सरकार घिरौना सरकार एवं दाऊजी मंदिर पर मेला लगा हुआ था। इसी के चलते हाईवे पर भीषण जाम लग गया और टेकरी से लेकर नूराबाद तक वाहन जाम में फंस गए। भीषण गर्मी में जाम में फंसे यात्री वाहनों में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जब पुलिस को सूचना लगी तो वह मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद यातायात व्यवस्था को सुचारु किया।

# दलित लोकसेवक के साथ मारपीट करने वाले आरोपी को उम्र कैद

**मुरैना।** न्यायालय माननीय विशेष न्यायाधीश (एस.सी.-एस.टी. एक्ट) मुरैना के न्यायालय द्वारा आरोपी दीपू उर्फधीरज सिंह जादौन पुत्र गजेन्द्र सिंह उर्फ बल्लू जादौन, आयु-29 वर्ष, निवासी ग्राम टेंटरा, थाना टेंटरा, जिला मुरैना म.प्र. को भारतीय दण्ड विधान की धारा 353, 333 व एस.सी.एस.टी. एक्ट की धारा 3(2)(5), 3(2)(5क) के अंतर्गत दोषी पाते हुये आजीवन कारावास व कुल 1,000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवीकर्ता इन्द्रेश कुमार प्रधान, विशेष लोक अभियोजक व सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी मुरैना ने बताया कि दिनांक 16 जनवरी 2018 को शा.उ.मा.वि., टेंटरा में आनंद उत्सव कार्यक्रम चल रहा था एवं लगभग 02 बजे के करीब विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम चल रहा था, जिसमें छात्रायें भी सहभागिता करने वाली थीं। व्यवस्था बनाने के दौरान जब फरियादी महेन्द्र कुमार अटल, जो कि शा.उ.मा.वि., टेंटरा में वरिष्ठ अध्यापक के पद पर पदस्थ थे, द्वारा आरोपी दीपू जादौन से सही बैठने को कहा, तब आरोपी ने फरियादी की लात-घूसों से मारपीट कर दी, जिससे फरियादी के तीन दांत टूट गए एवं आरोपी द्वारा शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई। उक्त घटना के संबंध में फरियादी महेन्द्र कुमार अटल थाना टेंटरा पर उपस्थित होकर आरोपी दीपू जादौन के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कराई।

दैनिक चम्बल नवराष्ट्र

भोपाल, सोमवार 22 जुलाई 2024



# स्कूलों में मना गुरूपूर्णिमा पर्व, मंत्री कुशवाह व तोमर ने शिक्षकों को किया सम्मानित

**ग्वालियर।** गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर जिले के विभिन्न शासकीय स्कूलों में आयोजित हुए कार्यक्रमों में गुरुजनों (शिक्षकों) को सम्मानित किया गया। उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुंवर सिंह जाटव, पूर्व सांसद विवेक नारायण शेजवलकर व पूर्व विधायकघनश्याम पिरौनिया ने विभिन्न स्कूलों में पहुँचकर शिक्षकों को सम्मानित किया।



उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह गुरुपूर्णिमा के उपलक्ष्य में शासकीय गजराराजा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं गोरखी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हुए शिक्षक सम्मान कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि हमारी संस्कृति में अनादिकाल से गुरू-शिष्य परंपरा चली आ रही है। गुरुओं की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि वेदों सहित अन्य धार्मिक ग्रंथों में गुरूओं की महिमा का उल्लेख मिलता है। बगैर गुरू के हमारा जीवन सार्थक नहीं हो सकता। श्री कुशवाह ने कहा कि विद्यार्थियों का जीवन गढ़ने में गुरुजनों का सबसे महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसलिए गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करना हर विद्यार्थी का नैतिक दायित्व है।

वहीं ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिक्षानगर में आयोजित हुए गुरुजन सम्मान कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कहा गुरुजनों का सम्मान एवं उनके प्रति आदर भाव रखना भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा रही है। गुरुजनों द्वारा दिए गए ज्ञान व सीख की बदौलत ही हम जीवन पथ पर सफलता प्राप्त करते हैं।

जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश जाटव मुरार स्थित शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरुपूर्णिमा पर आयोजित हुए शिक्षक सम्मान समारोह में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि गुरुजन ज्ञान के भण्डार होते हैं। उनसे मिला ज्ञान ही विद्यार्थी के जीवन में रोशनी लाने का काम करता है। इसलिए गुरुजनों के प्रति हमें हमेशा श्रद्धा-भाव रखना चाहिए।

इसी तरह पूर्व विधायकघनश्याम पिरौनिया जीवाजीराव स्कूल के कार्यक्रम में शामिल हुए और शिक्षकों के सम्मान में प्रभावी उदबोधन दिया। इसके अलावा जिले के अन्य शासकीय स्कूलों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण और अधिकारियों की मौजूदगी में गुरुपूर्णिमा पर्व मनाया गया। साथ ही शिक्षकों को सम्मानित कर उनके प्रति सम्पूर्ण समाज व सरकार की ओर से कृतज्ञता व्यक्त की गई।

# विधायक डॉ. सिकरवार ने संत एवं गुरूजनों से लिया आशीर्वाद



**ग्वालियर।** गुरू पूर्णिमा पर कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने विभिन्न धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर गुरूजनों एवं संतजनों को शॉल-श्रीफल एवं पुष्पहार भेंट कर आर्शीवाद प्राप्त किया। विधायक डॉ. सिकरवार रविवार सुबह से ही धार्मिक स्थलों पर पहुंचे और पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने बालाजी दरबार के गौरव महाराज, संत कृपाल सिंह महाराज, बड़ी गंगा दासजी की शाला के महाराज, बाली बाबा महाराज, सुजाता बुद्ध विहार भंते जी, अंबेडकर पार्क हुरावली भंते जी, खाटू श्याम मंदिर हुरावली, महामंडलेश्वर संतोषानंद महाराज, आनंदेश्वर महाराज, सिकरवार गुरु महाराज, हरिओम शर्मा गुरु जी, परमार्थ आश्रम के समर्थ तीर्थ महाराज आदि संत एवं गुरूजनों के आश्रमों में पहुंचकर आर्शीवाद प्राप्त किया।

# ट्रक ने बाइक को रौंदा, दो दोस्तों की मौत

## पांच मिनट में आने का कहकर घर से निकले थे; आक्रोशित लोगों ने दो घंटे हाइवे किया जाम

**ग्वालियर।** ग्वालियर के बड़ागांव हाइवे पर तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार दो दोस्तों को रौंद दिया। घटना स्थल पर ही दोनों छात्रों की मौत हो गई। घटना के बाद चालक डंपर को वहीं छोड़कर भाग निकला। दोनों दोस्त बाइक में पेट्रोल भरवाने निकले थे। पांच मिनट में लौटने की बोलकर आए थे फिर कभी लौटे ही नहीं। घटना बिजौली थाना क्षेत्र की सीमा में बड़ागांव हाइवे पर हुई है।





घटना के बाद मृतकों के परिजन व स्थानीय लोगों ने आक्रोशित होते हुए दो घंटे तक ट्रैफिक जाम कर दिया। हंगामा की सूचना मिलते ही सीएसपी मुरार राजीव जंगले फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को लोगों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। पुलिस ने किसी तरह आक्रोशित भीड़ को समझाया और हाइवे से जाम खुलवाया। पुलिस ने शवों को निगरानी में लेकर मर्ग कायम कर लिया है।

ग्वालियर के करगवां निवासी 19 वर्षीय सौरभ पुत्र हेमसिंह जाटव और खेरिया मोदी निवासी 19 वर्षीय विनीत पुत्र रामनिवास कुशवाह पक्के दोस्त थे। इसी साल 12वीं पास कर दोनों कॉलेज में आए थे। रविवार सुबह दोनों दोस्त अपनी बाइक में पेट्रोल भरवाने के लिए निकले थे। सौरभ ने मां से कहा था कि अभी पांच मिनट में आ रहा हूं। अभी वह करगवां से निकलकर हाइवे से खुरैरी पहुंचे ही थे कि तभी पीछे से आ रहे डंपर नंबर स्क07 छ-4650 के चालक ने लापरवाही व तेजी से चलाते हुए बाइक सवार दोस्तों को रौंद दिया। हादसा इतना तेज था कि सौरभ और विनीत की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर भाग गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। घटना से स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए और हाइवे पर जाम लगा दिया।

दोनों दोस्तों की मौत का पता चलते ही आस-पास के लोग एकत्रित हो गए और चक्काजाम कर दिया। लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर अक्सर तेज रफ्तार वाहन निकलते है और लोग हादसे का शिकार होते है। लोगों का यह भी कहना है कि खदानों से निकलने वाले डंपर किसी को भी नहीं देखते हैं।

# जीवाजी राव विद्यालय में गुरु पूजन कार्यक्रम आयोजित

**ग्वालियर( चम्बल नवराष्ट्र )** चिन्हशिक्षक छात्रों के जीवन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ज्ञान प्रदान करने के अलावा, वे मार्गदर्शक के रूप में भी काम करते हैं, छात्रों को उनकी शैक्षणिक और व्यक्तिगत जीवन के लिए मार्गदर्शन देते हैं। शिक्षक छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं, आत्मविश्वास पैदा करते हैं और उनमें महत्वपूर्ण सोच कौशल को बढ़ावा देते हैं। उपरोक्त उदगार पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनिया ने जीवाजी राव विद्यालय में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किये । श्री पिरोनिया ने कहा कि हम आज जो कुछ भी हैं अपने गुरु की वजह से हैं अतः हमें अपने गुरु का सदैव वंदन और सम्मान करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर ने कहा कि गुरु की



कृपा व्यक्ति के हृदय का अज्ञान व अन्धकार दूर होता है। गुरु का आशीर्वाद ही प्राणी मात्र के लिए कल्याणकारी, ज्ञानवर्धक और मंगल करने वाला होता है। संसार की सम्पूर्ण विद्याएं गुरु की कृपा से ही प्राप्त होती है अतः गुरु के प्रति हमेशा श्रद्धा व समर्पण भाव रखने चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य श्री निगम ने कहा कि गुरु की कृपा व्यक्ति के हृदय का अज्ञान व अन्धकार दूर होता है। गुरु का आशीर्वाद ही प्राणी मात्र के लिए कल्याणकारी, ज्ञानवर्धक और मंगल करने वाला होता है। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा माता सरस्वती का पूजन कर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया छात्रों द्वारा इस अवसर पर गुरुजनों का पूजन किया गया इस अवसर पर देवेंद्र सैन्या, एम एम श्रीवास्तव, कृष्णा गुप्ता संतोष वर्मा समेत विद्यालय का स्टाफ उपस्थित था। कार्यक्रम का संचालन अजय खरे द्वारा किया गया।

# मजबूत राष्ट्र के लिये अनुशासन व समर्पण का पाठ पढ़ा रही है एनसीसीः मंत्री कुशवाह

**ग्वालियर ।** मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए अनुशासन, राष्ट्र के प्रति समर्पण एवं युवा पीढ़ी का सर्वांगीण सशक्तिकरण जरूरी है। एनसीसी इस काम को बखूबी ढंग से कर रही है। इस आशय के विचार उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने व्यक्त किए। श्री कुशवाह एनसीसी ग्रुप मुख्यालय कम्पू में आयोजित हुए एनसीसी के आठवें वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा खुशी की बात है कि कैडेट के व्यक्तिगत व सामुदायिक विकास के



लिये एनसीसी पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

शनिवार की देर शाम ग्रुप कम्पू स्थित मुख्यालय में एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह में रंग और जीवंतता भरकर समा बांध दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला में कैडेटों ने पारंपरिक नृत्य और संगीत प्रदर्शनों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन प्रदर्शनों ने क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और कैडेटों के विविध कौशल का जश्न मनाया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कैडेट्स के उत्साह और रचनात्मकता से दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह में मंत्री श्री कुशवाह ने पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने कैडेटों के समर्पण और उपलब्धियों की सराहना करते हुए पुरस्कार प्रदान किए। शारीरिक प्रशिक्षण, ड्रिल, फायरिंग, खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को इस अवसर पर सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए गए। असाधारण नेतृत्व और टीम वर्क का प्रदर्शन करने वालों को भी विशेष पुरस्कार दिए गए।

कैंप कमांडेंट कर्नल डीएस वर्मा ने स्वागत उदबोधन दिया। शिविर के महत्व और प्रशिक्षण अवधि के दौरान कैडेटों की उपलब्धियों पर एफओ मनोज कुमार उपाध्याय ने प्रकाश डाला। अंत में डिप्टी कैंप कर्नल आकाश शर्मा द्वारा पूरी बटालियन की ओर से आभार व्यक्त किया गया। कर्नल डीएस वर्मा ने बताया कि इस शिविर के दौरान शूटिंग प्रतियोगिता चयन और थल सेना कैम्प शिविर चयन के लिए गतिविधियाँ आयोजित हुई। ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर केडीएस झाला के देख रेख में शूटिंग टीम और थल सेना टीम के लिए 34 -34 कैडेट का चयन हुआ हैं।

## सर्वार्थ सिद्धि योग में मनी गुरु पूर्णिमा, मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

**ग्वालियर।** रविवार को गुरु पूर्णिमा पर्व सर्वार्थ सिद्धि योग में मनाया गया। गुरु पूर्णिमा पर्व के साथ ही सन्यासी चातुर्मास का प्रारंभ हो गया है। शहर के प्रमुख हाईकोर्ट रोड स्थित गिर्राजजी मंदिर पर सुबह से कृष्ण भक्तों का तांता लगा रहा। भक्तों ने परिक्रमा लगाकर पूजा अर्चना की। वहीं शहर के आश्रमों में शिष्यों ने अपने-अपने गुरुओं का पूजन कर आशीर्वाद लिया। हजीरा रोड अशोक विहार कॉलोनी स्थित आनंद अमृतम आश्रम में सत्संग व भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें शामिल होने देशभर से भक्त ग्वालियर आये।

## संपादकीय

# कांवड़ यात्रा से पहले विवादास्पद फैसला

उत्तर प्रदेश पुलिस ने मुजफ्फरनगर और पश्चिमी यूपी के अन्य इलाकों में कांवड़ यात्रा मार्ग पर होटल, ठेले पर फल या अन्य खाने-पीने का सामान बेचने वाले लोगों से मालिक और कर्मचारियों के नाम लिखकर लगाने को कहा है। और कम से कम इन पंक्तियों के लिखे जाने तक इस विवादास्पद फैसले को वापस नहीं लिया गया है। कांवड़ यात्रा को लेकर पहले भी कई किस्म के धार्मिक पूर्वाग्रह देखे जा चुके हैं। जैसे कांवड़ यात्रा के लिए करीब 33 हजार पेड़ों को काटने का फैसला लिया गया, ताकि सड़क चौड़ी हो और श्रद्धालुओं को सुविधा हो। जब पेड़ों के काटे जाने पर विरोध दर्ज कराया गया तब राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण ने उन इलाकों की सेटेलाइट तस्वीर मांगी, जहां पेड़ काटे गए। लेकिन इस कार्रवाई से हरियाली पर चली कुल्हाड़ी बेअसर तो नहीं हुई। इसी तरह कुछ समय पहले कांवड़ियों पर यूपी के एक डीजीपी ने सरकारी हेलिकॉप्टर से फूल बरसाए थे, जो सरासर प्रशासनिक दायित्व और नैतिकता का उल्लंघन था। सरकार और प्रशासन की ओर से लिए गए इन फैसलों को मानसिक दिवालियापन की श्रेणी में रखा जा सकता है। लेकिन अब जो फैसला लिया है, वह खुली चेतावनी दे रहा है कि भारत तेजी से नाजी दौर वाली जर्मनी के युग में धकेला जा रहा है।पाठकों को याद दिला दें कि जर्मन तानाशाह हिटलर के प्रचार मंत्री जोसेफ गोएबल्स ने मई 1938 में जर्मन यहूदियों के लिए %सामान्य पहचान चिह्न% का सुझाव दिया था। जिसके बाद नाजी अधिकारियों ने 1939 और 1945 के बीच यहूदियों को पीले सितारे वाले बैज को लगाने का आदेश दिया था, ताकि उन्हें अलग से पहचाना जा सके और उनकी गतिविधियों पर नज़र रखी जाए। जो यहूदी अपनी पहचान बताने वाले बैज को नहीं पहनता था, उसे अपमानित और दंडित किया जाता था।पहचान के नाम पर नागरिकों में भेद करने का जो काम सौ साल पहले जर्मनी में हुआ, क्या वैसे ही किसी कृत्य के लिए आज के भारत में कोई स्थान होना चाहिए, यह एक गंभीर सवाल है, जिस पर सभी लोगों को विचार करना चाहिए। वैसे उप्र पुलिस के इस आदेश की निंदा होनी शुरु हो चुकी है। अखिलेश यादव और असदुदीन ओवैसी जैसे नेताओं ने इसकी भर्त्सना की है। माननीय न्यायालय से यह अपेक्षा जतलाई गई है कि वह इस संबंध में स्वत- संज्ञान लेगी।हालांकि उप्र पुलिस ने इस फैसले के पक्ष में दलील दी है कि यात्रियों को %किसी भी भ्रम से बचने के लिए% ये निर्देश कांवड़ यात्रा रूट के लिए खासतौर पर जारी किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि ऐसा इसलिए किया जा रहा है कि ताकि कांवड़ियों के बीच कोई भ्रम न हो और भविष्य में कोई आरोप न लगे, जिससे कानून व्यवस्था की स्थिति पैदा हो। पुलिस ने दावा किया कि हर कोई अपनी मर्जी से इसका पालन कर रहा है। एक लचर तर्क यह भी दिया गया है कि इस आदेश का इरादा किसी भी प्रकार का %धार्मिक भेदभाव% पैदा करना नहीं था, बल्कि केवल भक्तों को सुविधा देना था। पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि, %अतीत में ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां कांवड़ मार्ग पर सभी प्रकार के खाद्य पदार्थ बेचने वाले कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकानों का नाम इस तरह रखा, जिससे कांवड़ियों के बीच भ्रम पैदा हुआ और कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा हो गई। अब सवाल यह है कि कानून व्यवस्था को बनाए रखने की जिम्मेदारी पुलिस की है या दुकानदारों की। इस देश का संविधान किसी को भी अपनी मर्जी का नाम रखने से नहीं रोकता है, फिर चाहे वह संतान का नाम हो या दुकान का। और अगर धर्म का पालन करने के नाम पर कांवड़ लेकर निकल रहे लोगों में इतनी समझ और सहनशक्ति नहीं है कि वह किसी के नाम से ही आहत हो जाएं तो फिर उनके धार्मिक होने पर ही संदेह है। अगर किसी को दूसरे धर्म के लोगों से खाद्य सामग्री खरीदने में धर्मभ्रष्ट होने का खतरा दिखता है, तो फिर ऐसे संकुचित मानसिकता के लोगों को यह भी पता कर लेना चाहिए कि जिस सड़क पर वो चलेंगे, उसे बनाने वाले कौन से धर्म के थे, जिन कपड़ों को वे पहनेंगे, उसका धागा कहां से आया, जिस कांवड़ को वे ढोएंगे, उसे किस जाति, धर्म के लोगों ने बनाया। रास्ते में जिन शामियानों के नीचे वो आराम करने बैठेंगे या जिन लाउड स्पीकरों पर वे तेज आवाज़ में अपनी भक्ति का प्रदर्शन करेंगे, उसे किन लोगों ने बनाया है।

# कार्यकर्ताओं ने भीम आर्मी स्थापना दिवस मनाया गया

## स्थापना दिवस के मौके पर भीम आर्मी कार्यकताओं ने सैकड़ों पौधे भी लगाये



**सिरोंज ( चम्बल नवराष्ट्र )।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन का 9 वा स्थापना दिवस सिरोंज में मनाया गया जिसमें जिला भर के सैकड़ो कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल हुए पूरा हॉल कार्यकर्त्ताओं से खचाखच भरा हुआ था कार्यक्रम की शुरुआत सविंधान की प्रस्तावना पड़कर किया इसके बाद भीम आर्मी के सामाजिक संघर्ष को याद किया और नगीना संसद चंद्रशेखर आजाद जी की ऐतिहासिक जीत की सभी को बधाई मंगलकामनाएं दी साथ ही स्थापना दिवस के अवसर पर संभाग अध्यक्ष गब्बर सिंह ने बताया कि सवैधानिक अधिकारों की रक्षा व जातिगत उत्पीड़न का विरोध करने के लिए 2015 में भीम आर्मी की स्थापना की भीम आर्मी का संघर्ष एक क्रांतिकारी संघर्ष हैं भीम आर्मी ने जमीन पर जिस प्रकार देश के शोषित वंचित समाज के सामजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति के लिए भीम आर्मी ने आंदोलन चलाया है।

भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रत्न सिंह के आदेशानुसार स्थापना दिवस के मौके पर अपने कार्यकर्ता साथियो के साथ जिला भर से 1 लाख नए कार्यकर्ता साथियो को आजाद समाज पार्टी की सदस्यता दिलाने का संकल्प लिया साथ ही सैकड़ो नए कार्यकर्ताओ ने भीम आर्मी के कार्यो और संघर्ष विचारधारा से प्रेरित होकर आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और संकल्प लिया कि भीम आर्मी को घर घर तक पहुचाएंगे इसके बाद गब्बर सिंह ने सिरोज पार्क पहुँच कर स्थापना दिवस के अवसर पर बहुत सारे पोधो का वृक्षारोपण किया और उनके संरक्षण का भी संकल्प लिया इस मौके पर मोहरसिंह बौद्ध,कल्याण सिंह,संतोष विश्वकर्मा ,अनिकेत,अंजर खान, अभिषेक, जितेंद्र,शिवकुमार,जीवन अहिरवार,छोटू अहिरवार,जगदीश ,सुनील बौद्ध ,नितेश,संजीव ,भारत, बलराम प्रभाकर सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी साथी उपस्थित हुए।

# बैंक ऑफ़ इंडिया और अपराजिता महिला संघ द्वारा वित्तीय साक्षरता शिविर एवं कृषक संध्या का आयोजन किया




**भोपाल ( चम्बल नवराष्ट्र )।** बैंक ऑफ़ इंडिया और अपराजिता महिला संघ द्वारा संचालित मनी वाइस वित्तीय साक्षरता केंद्र फंदा द्वारा रायसेन की ग्राम पंचायत बीदपुरा में वित्तीय साक्षरता शिविर एवं कृषक संध्या का आयोजन किया गया जिसमें बैंक ऑफ़ इंडिया से पधारे भोपाल अग्रणी जिला प्रबंधक आलोक चक्रवर्ती जी मुख्य रूप से उपस्थित हुए उन्होंने सभी किसानों को संबोधित किया एवं महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा स्व सहायता समूह बनाने के लिए प्रेरित किया और और किस तरह से एक अच्छा समूह चलता है उसके क्या सिद्धांत होते हैं पांच सूत्र सिंद्धान्त कौनसे होते हैं विस्तार से उन्हें बताया वहीं शिविर में उपस्थित युवाओं को उन्होंने छोटे-छोटे लोन से किस तरह वे लाभ ले सकते हैं और अच्छे उद्यमी बन सकते हैं विस्तार से उन्होंने बताया। अपराजिता महिला संघ स्टेट ट्रेंनिंग हेड इरफान खान भी उपस्थित थे उन्होंने ग्रामीण जनों को विस्तार से शासकीय योजनाओं से अवगत कराया और सामाजिक सुरक्षा बीमों के बारे में समझाया और साइबर फ्रॉड से बचने के तरीके बताए तो वहीं कार्यक्रम में भोपाल क्लस्टर कोऑर्डिनेटर ललित सेन ने बचत की आदतों से होने वाले लाभों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आयोजन कैलाश नेमा ने किया था कार्यक्रम में ग्रामीणों की उपस्थिति सराहनीय रही।

## गुर पूर्णिमा के शुभ अवसर विशाल प्रसादी वितरण का आयोजन



**विदिशा।** तहसील सिरोंज में आज, गुरु पूर्णिमा आयोजन धुमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सभी गुरुओं की पूजा किया गया। हिंदू धर्म में गुरु के स्थान को सबसे ऊंचा माना गया है। गुरु हमें जीवन के सत्य-असत्य से परिचित कराते हैं। साथ ही सफलता के शिखर तक पहुंचने की राह भी दिखाते हैं। गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति और परंपरा का एक महत्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। इस दिन दान-पुण्य से जुड़े आदि कार्य करने से जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार इस दिन महर्षि वेद व्यास का जन्म हुआ था, इसलिए इसे व्यास पूर्णिमा भी कहते हैं। बता दें महर्षि वेद व्यास जी को संसार का पहला गुरु माना गया है। उन्होंने वेदों और पुराणों समेत कई ग्रंथों की रचना भी की थी।

# फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर भी कर चुके हैं फर्जीवाड़ा

## करोड़ों की जमीन का विवाद सुलझाने के नाम पर 50 लाख की धोखाधड़ी

प्रदीप कुमार प्रजापति

**विदिशा ( चम्बल नवराष्ट्र )।** सिरोंज में सीधे सादे लोगों को मूर्ख बनाने के लिए फर्जी लोग भी घूम रहे हैं। आम जनता को ठगने के लिए इन लोगों के द्वार-नए नए तरीकों को अंजाम देकर चूना लगाने का काम किया जा रहा है।

जमीन का विवाद सुलझाने के बदले में 50 लाख रुपए की राशि की धोखाधड़ी करने का प्रकरण पुलिस ने 1 भोपाल और दो सिरोंज के लोगों पर 420 का मामला दर्ज करके मामले की छानबीन भी प्रारंभ कर दी गई है। इन लोगों ने पहले ही एक बड़े फर्जीवाड़े को अंजाम देकर गलत तरीके से महिला का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर उसकी संपत्ति को भी हड़पने का काम किया है। जो लोग इस मामले में शामिल पहले इनके पास कुछ नहीं था पर फर्जी वाला करके तथा अवैध रूप कॉलोनी का धंधा करके लोगों को फंसा फंसा के करोड़पति बन गए हैं। इनके पैसे की दम पर पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई से बचते रहते हैं। निरंतर लोगों को ठगने का काम भी कर रहे हैं। दो मामले दर्ज होने के बाद भी पुलिस ने गिरफ्तार नहीं कर पा रही है जिसके चलते पुलिस की




कार्य प्रणाली पर भी कई तरह के सवाल नहीं हो रहे हैं। आखिर इतने बड़े गड़बड़झाले को अंजाम देने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने की हिम्मत पुलिस क्यों नहीं जुटा पा रही है। किसके दबाव में और किसके संरक्षण में 420 बी की वारदात को अंजाम देने वालों को पुलिस गिरफ्तार करके जेल नहीं भेज पा रही है।

पुलिस प्रशासन के ढील का फायदा उठाकर बड़े-बड़े कारनामों को भी इनके द्वारा किया जा रहा है। इनके फर्जीवाड़ों की पोल भी खुलने लगी है। वही जहां एक दिन पहले प्रदेश टुडे ने इनके फर्जीवाड़ों का पर्दा उठाते हुए फर्जी तरीके से मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर संपत्ति गोल करने वाले यूनिस और यूसुफ के गड़बड़ झाले का मामला उजागर किया था जिसमें 420 वी की कई धाराओं में प्रकरण दर्ज है। दूसरा मामला 50 लाख रुपए की ठगी करने का सामने आया है। जानकारी के अनुसार आरोन रोड पर स्थित माजिद गाद्दी सहित 15-16 लोगों की जमीन का विवाद चल रहा है। जिसकी चर्चा पहले से ही पूरे शहर में हो रही है। कुछ महीने पहले नामांतरण हुआ था तब से यह जमीन विवाद में है। इस विवाद की जमीन को दिलवाने के बदले में इन दोनों ने मिलकर 50 लाख की ठगी का करने के खेल को अंजाम दिया है। 10 माह पहले माजिद गाद्दी से इन दोनों ने कहा कि भोपाल के मछली व्यापारी सफीक खान के बड़े-बड़े नेताओं अधिकारियों से संपर्क हैं। हम तुम्हारी जमीन के विवाद का समाधान कर देंगे इसके लिए तुम्हें 50 लाख रुपए देने होंगे। दोनों इन्हें भोपाल लेकर पहुंचे और मछली व्यापारी सफीक खान से मिलवाकर उनकी बात कराई। 50 लाख रुपए इन्होंने लेकर डकार लिए। 10 महीने से पीड़ित इसे काम की मांग कर रहा था पर पैसे लौटाने की जगह काम करवाने के बदले में और पैसे की मांग कर रहे हैं। माजिद ने अपने साथ हुई ठगी की शिकायत पुलिस से की।

### इनका कहना है .....

50 लाख की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है मामला दर्ज करके आरोपियों की तलाश की जा रही है, इसमें एक मछली व्यापारी सफीक खान भोपाल का है और दो आरोपी सिरोंज के यूसिफ, यूनिस खान है। 10 महीने पहले यूसिफ एवं यूनिस ने कहा कि तुम्हारी जमीन का जो विवाद चल रहा है उसको हम शूटआउट करवा सकते हैं। इसको करवाने के लिए भोपाल के मछली व्यापारी सफीक खान से बहुत अच्छे संबंध है। बड़े-बड़े नेताओं अधिकारियों से है जमीन के विवाद को हम जल्दी ही दूर करवा देंगे। इसके बदले में 50 लाख रुपए देने होंगे। इस जमीन में 16-17 हिस्सेदार है करोड़ों की जमीन होने के कारण सभी ने मिलकर इनको पैसे दे दिए। उनका काम भी नहीं करवाया ना हीं इनके पैसे वापस कर रहे हैं उल्टा और पैसों की मांग की जा रही है। जांच के बाद पता किया कि भोपाल की मछली व्यापारी सफीक खान के कहीं कोई संबंध नहीं है। फिर तीनों ने मिलकर ठगी थी घटना को अंजाम दिया है तीनों के ऊपर धारा 420 बी सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज करके पुलिस इनकी तलाश कर रही है।

**उमेश तिवारी**
**एसडीओपी सिरोंज**

# गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर विद्यालय परिवार में आयोजित किया






**सिरोंज( चम्बल नवराष्ट्र )।** तहसील आज हाई स्कूल परादा में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा पर्व का आयोजन स्कूल में किया गया। कार्यक्रम पूर्व प्रभारी प्राचार्य द्वारा मां सरस्वती जी की पूजा कर माल्या अर्पण कर दीप प्रज्वल कर शुरुआत की गई। संचालन कमलेश मेहलवंशी प्राथमिक शिक्षक द्वारा किया गया। हाई स्कूल परादा प्रभारी प्राचार्य वेद प्रकाश सिंह राजपूत द्वारा गुरु शिष्य परम्परा पे प्रकाश डाला गया। साथ ही प्राचीन गुरुकुल में किस तरह गुरु शिष्य को शिक्षा देते थे। एकलव्य और गुरु द्रोराचार्य की कहानी द्वारा शिष्य का गुरु द्रोराचार्य के प्रति भाव भक्ति का किस्सा सुनाया गया। क्लास 9 की छात्रा मोनिका कुशवाह द्वारा गुरु भक्ति का गीत गाया गया। श्रीमती रचना तिवारी प्राथमिक शिक्षक द्वारा बच्चो को आज के प्रवेश में कैसे शिक्षा के साथ साथ आधुनिक शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। सभी छात्र छात्राओं द्वारा गुरु जानो को माला पहना कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के अनिल कुशवाह, धर्मेन्द्र कुशवाह , प्रवीण कुमार सिंह,, श्याम सुन्दर शाक्य के साथ समस्त छात्र छात्रा उपस्थित रहे

# गुरू के बिना ज्ञान की कल्पना नहीं की जा सकती- मुनि श्री सौम्यसागर

## गुरुपूर्णिमा पर जैन मंदिर में हुई आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की पूजन





मुंगावली (चम्बल नवराष्ट्र) भक्तों का साक्षात्कार कराने का काम जिसका होता है वही सच्चा गुरू कहलाता है। दुनिया में ज्ञान तो बहुत है लेकिन ज्ञान को प्रज्ञा तक ले जाने की जिम्मेदारी गुरू की होती है। जीवन में गुरू के बिना ज्ञान की कल्पना नहीं की जा सकती क्योंकि सच्चा गुरू ही शिष्य के जीवन को सही राह दिखाता है। उक्त उदगार मुंगावली में विराजमान, आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री सौम्य सागर महाराज ने नगर के पुराना बाजार स्थित सुधासागर भवन में गुरु पूर्णिमा पर्व पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहे। मुनि श्री ने कहा कि प्रभु को प्रभुता तो प्राप्त हो गई है लेकिन सर्वज्ञ होने के नाते अभी तक आत्मक ही है दुनिया उसी को जानती है जो उन्हें बता देता है। प्राणी जब छनता है तो वह व्रतो का पालन करता है। मुंगावली के धर्मालुओं को 11 दिन तक आचार्य श्री का सानिध्य मिला और आपको तीर्थ बनाने का सौभाग्य मिला। गुरु पूर्णिमा के दिन गुरुओं की भक्ति की जाती है। इस मौके पर सभा को मुनि श्री निश्चल सागर महाराज एवं मुनि श्री निरापद सागर महाराज ने भी संबोधित किया।

### श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया गुरूपूर्णिमा पर्व-

रविवार को नगर के सुधा सागर भवन में नगर गौरव मुनि श्री सौम्यसागर महाराज, मुनि श्री निश्चल सागर महाराज, मुनि श्री निरापद सागर महाराज के संसघ सानिध्य में गुरुपूर्णिमा पर्व मनाया गया। इस अवसर पर पाठशाला के बच्चों द्वारा आचार्य श्री की संगीतमय पूजन की गई। वहीं नगर के स्टेशन रोड चन्द्रप्रभु जिनालय पर मुनि श्री सौम्य सागर महाराज के मुखारविंद से शांति धारा करने का सौभाग्य श्रावकों को प्राप्त हुआ।

# गुरु पूर्णिमा पर करीला धाम में उमड़े भक्त

## एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए माता जानकी के दर्शन



अशोकनगर। मां जानकी धाम करीला में रविवार के दिन गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धा का सैलाब उमड़ा। शाम के समय तक एक लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने माता जानकी से क्षेत्र में सुख समृद्धि ओर अच्छी बारिश की कामना भी की। मंदिर परिसर में दिनभर श्रद्धा का हुजूम उमड़ता रहा।

दरअसल, माता जानकी धाम करीला के मंदिर में सबसे अधिक रंग पंचमी के दिन मेले में भीड़भाड़ रहती है। इसके बाद प्रत्येक पूर्णिमा को श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं। जिसमें खासकर गुरु पूर्णिमा के दिन सबसे अधिक लोग पहुंचते हैं। इसी तरह से इस बार भी गुरु पूर्णिमा को सुबह से लेकर शाम तक श्रद्धालु माता के दर्शन करने के लिए पहुंचे। मेला में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर तीन थानों के पुलिस जवान लगाए गए थे। ट्रैफिक पुलिस सहित करीब करीब 30 से 35 पुलिसकर्मियों ने करीला धाम पहुंचकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था संभाली। माता के दर्शन करने से लेकर बाहर निकलने तक की व्यवस्था संभाली गई।

# शासकीय कन्या उमा विद्यालय में मनाया गया गुरूपूर्णिमा उत्सव

## गुरू शिष्य संस्कृति पर निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)। स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर में गुरुपूर्णिमा उत्सव बड़े ही गरिमापूर्ण तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में एक प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। तत्पश्चात गुरुपूर्णिमा के महत्व एवं पारम्परिक गुरु-शिष्य की संस्कृति पर प्रकाश डाला गया। शनिवार को प्राचीनकाल में प्रचलित गुरुकुल व्यवस्था एवं संस्कृति पर उसके प्रभाव विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने बढ़ चढ़ हिस्सा लिया। रविवार को विद्यालय पर समस्त स्टॉफ और छात्राओं ने गुरुपूर्णिमा उत्सव बड़े ही उत्साह से मनाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजेश शर्मा व प्रधानाध्यापक भोलाराम शर्मा ने माँ सरस्वती के मंदिर पर पूजन व माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके पश्चात स्कूल के सेवानिवृत्त शिक्षक ब्रजेश शर्मा, भीकाराम काछड़े को शाल श्रीफल व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

स्कूल के प्राचार्य राजेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्राचीनकालीन गुरू शिष्य परम्परा की आज महती आवश्यकता है। गुरू और शिष्य दोनों का ही कर्तव्य है कि वह इस परम्परा के मान्य सिद्धान्तों को जीवन मे अपनाएं। छात्रायें मेहनत से अध्ययन कर अपने बेहतर भविष्य का निर्माण करें यही गुरु पूर्णिमा मनाने का उद्देश्य व सार्थकता है। स्कूल के प्रधानाध्यापक भोलाराम शर्मा ने अपने उद्बोधन में गुरू पूर्णिमा के उद्देश्य और वर्तमान में उसका महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# चंदेरी में युवती से दुष्कर्म का मामला, पीड़िता की शिकायत पर 5 माह बाद एफआईआर दर्ज

## शादी के बाद बदनाम करने की धमकी दे रहा था आरोपी




अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र) चंदेरी थाना क्षेत्र के एक गांव में 22 साल की युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता के साथ गलत काम उस वक्त किया जब उसकी शादी को महज 9 दिन बचे थे। शादी के बाद जब पीड़िता अपने मायके आई तो आरोपी उस पर बात करने का दबाव बनाने लगा। जब उसने मना किया तो उसी घटना के बारे में लोगों को बताकर बदनाम करने की धमकी देने लगा। साथ ही उससे मारपीट भी कर दी। बदनामी एवं धमकी से परेशान होकर पीड़िता शनिवार को चंदेरी थाने पहुंची, जहां पर उसने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया।


पीड़ित युवती ने बताया कि दुष्कर्म की घटना 3 मार्च 2024 की है। घटना वाले दिन पीड़िता रात 8 बजे अपनी बहन के साथ शौच के लिए घर से पास की नदी पर गई हुई थी। जैसे ही वह नदी के पास पहुंची,तभी उसी के गांव का एक लड़का आया और उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। जब पीड़िता व उसकी बहन चिल्लाने लगी तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। जिससे वह डर गई और घटना के बारे में किसी को नहीं बताया।

### ससुराल से वापिस आने पर दे रहा था बदनाम करने की धमकी

घटना के बाद 12 मार्च को युवती की शादी हो गई एवं वह अपने ससुराल चली गई। करीब डेढ़ महीने के बाद जब वह अपने ससुराल से मायके लौटी तो आरोपी धमकी देते हुए कहने लगा कि तुम मुझसे बात क्यों नहीं करती हो। अगर मुझसे बात नहीं की तो उसे 3 मार्च वाली घटना बताकर गांव में बदनाम कर देगा। आरोपी ने पीड़िता को एक फोन नंबर भी दिया। शुक्रवार शाम को लड़की उसके घर के बाहर खड़ी थी तभी आरोपी आया और लड़की के साथ मारपीट करने लगा। इसके बाद लड़की थाने पहुंची और आरोपी बहादुर यादव के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज करा दिया।

# एक माह पूर्व गायब हुई नाबालिग से सूरत में जाकर किया दुष्कर्म, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## लड़की को बहला फुसलाकर ले गया था आरोपी, पुलिस ने लड़की को भी किया दस्तयाब



अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)। जिले के नईसराय थाना क्षेत्र के एक गांव से लापता हुई 16 वर्षीय किशोरी को पुलिस ने गुजरात के सूरत से दस्तयाब कर लिया है। साथ ही मौके से आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उसके साथ गलत काम किया है। लड़की की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है।

थाना प्रभारी आशुतोष गुप्ता ने बताया कि 20 जून को लड़की के अपहरण की सूचना मिलने पर रिपोर्ट लिखी थी। जिसके बाद मुखबिर के माध्यम से पता चला की आरोपी लड़की को गुजरात के सूरत ले गया। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन के निर्देश पर एसडीओपी के मार्गदर्शन में एक चार सदस्यीय टीम बनाई। इस टीम के सदस्य एएसआई विद्याराम कुशवाह, आर. उमेश खटीक, हरी लोधी, महिला आर. शिमला कश्यप को सूरत के लिये रवाना किया गया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर नाबालिग लड़की को दस्तयाब किया। साथ ही आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसके साथ आरोपी मोहन केवट 25 ने दुष्कर्म किया है। आरोपी वहीं पर एक फैक्ट्री में काम करने लगा था। लड़की की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया। साथ ही आरोपी को ज्यूडिशियल रिमांड पर लिया गया है, जिससे पूछताछ की जा रही है। जबकि नाबालिग बालिका को वन स्टॉप सेंटर पर रखा गया है।

# दो दिन में उल्टी-दस्त के 19 मरीज मिले



अशोकनगर। जिले के मुंगावली विकास खंड के चक्क पठारी गांव में दो दिनों में उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या 19 तक पहुंच गई है। धीरे-धीरे करके चार परिवार के लोगों के बीमार होने की संख्या बड़ी है। इन सभी का इलाज मुंगावली सिविल अस्पताल में चल रहा है। हालांकि अब तक किसी भी व्यक्ति की अस्पताल से छुट्टी नहीं हुई है। वहीं सभी की हालत सामान्य होना बताई गई है।

जिस हैंडपंप के पानी पीने से लोग बीमार हुए हैं उसे एक दिन पहले ही बंद कर दिया है। अब जो लोग स्वस्थ हैं उनके लिए पानी दूसरी जगह से लाया जा रहा है। बीमार पड़े लोग चार परिवार के ही हैं जो एक ही हैंडपंप से पानी भरते थे। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा भी उस गांव के लोगों की चेकिंग की जा रही है। साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि अब कोई और बीमार तो नहीं पड़ रहा है। दरअसल, शुक्रवार की शाम के समय से इस गांव के कुछ लोगों को उल्टी दस्त हुए थे। हालांकि इसी बीच एक मासूम बच्ची को रात भर उल्टी दस्त हुए जिसके कारण बच्ची की मौत भी हो गई है। बच्ची की मौत के बाद से स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। किसी का भी स्वास्थ्य प्रतिकूल होने पर उसका लगातार उपचार किया जा रहा है।

# गुरु आज्ञा का पालन एवं अनुशासन सफलता की कुंजी है - डॉ. डी.आर. राहुल



**दतिया।** नगर के प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय पीजी कॉलेज 'दतिया में गुरु पूर्णिमा उत्सव आयोजन के प्रथम दिवस पर दतिया नगर के महत्वपूर्ण' शिक्षाविद और गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित कर सम्मानित 'किया गया।

गुरु पूर्णिमा उत्सव का यह कार्यक्रम भारतीय ज्ञान 'परंपरा प्रकोष्ठ' के समन्वय से आयोजित किया गयाद्य कार्यक्रम का 'शुभारंभ संगीत' विषय के प्राध्यापक डॉक्टर अनूप मोघे द्वारा सरस्वती वंदना एवं 'गुरु वंदना के साथ किया गया। अतिथियों' का स्वागत करते हुए संस्था के 'प्राचार्य डॉ. डी आर राहुल ने बताया कि षगुरु का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है हमें सदैव गुरु की आज्ञा का पालन करना चाहिए कार्यक्रम की अध्यक्षता जन भागीदारी अध्यक्ष पंकज सुधाकर शुक्ला द्वारा की गईद्य' उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को हमेशा अपनी कक्षा में अधिक से अधिक समय बिताना 'चाहिएद्य इस कार्यक्रम में वक्तगण के रूप में संस्कृत के प्रोफेसर आर.पी. गुप्ता, रसायनशास्त्र के प्रोफेसर' एस.के. मिश्रा, पूर्व परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर आर.पी. नीखरा, शिक्षाविद पूरन चंद शर्मा, राज गोस्वामी द्वारा 'गुरु शिष्य परंपरा, गुरु पूर्णिमा का महत्व एवं ऐतिहासिक विवेचन, शिक्षा' में नैतिकता और नैतिक शिक्षा विषय पर उपस्थित अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त कियेद्य' इस अवसर पर जिला पंचायत के 'प्रशासनिक अधिकारी' धनंजय मिश्रा प्रमुख रूप से उपस्थित रहेद्य 'उपस्थित वक्ताओं ने गुरु पूर्णिमा उत्सव का महत्व, गुरु शिष्य परंपरा का ऐतिहासिक विवेचन, शिक्षा में नैतिकता एवं नैतिक शिक्षा विषय पर अपना सारगर्भित उद्बोधन दियाद्य' व्याख्यान कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश के 'मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफऔर छात्र-छात्राओं के मध्य किया गयाद्य' कार्यक्रम का 'संचालन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ वासुदेव सिंह जादौन द्वारा किया गया जबकि कार्यक्रम के समापन पर आभार कार्यक्रम की सहसंयोजक डॉ.कमलेश माथुर द्वारा किया गयाद्य' इस अवसर पर शैक्षणिक स्टाफ में प्रमुख रूप से, प्रोफेसर जयश्री त्रिवेदी, प्रो. एस.के. पांडे, डॉ. सीमा मारग्रेट सिंह, 'डॉ. शिव सिंह, डॉ. कोक सिंह दादोरिया, डॉ. एस.आर, लाहोरिया, नरेंद्र' यादव, डॉ. रजनी सिंह, प्रोफेसर डी.पी. अहिरवार, डॉ बृजेश जाटव, डॉ. अभय राहुल, कीड़ा अधिकारी डॉ. मुकेश सिंह गुर्जर एवं विद्यार्थियों में प्रमुख रूप से रामेंद्र गुर्जर, उपेंद्र 'यादव, रामेंद्र कमरिया, शिशुपाल बघेल, आयुष सविता, रिद्धि तिवारी,' सिद्धि तिवारी, रौनक श्रीवास्तव, राज प्रताप बुंदेला अजय शर्मा की 'सक्रिय सहभागिता रही।

# गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गुरु पूजन, भजन सत्संग व विशाल भंडारे का हुआ आयोजन



**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व के अवसर पर संत तपोस्थली सद्गुरु कबीर आश्रम घोंटेश्वर धाम, बड़ौनी खुर्द पर गुरु पूजन, भजन व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

आयोजित गुरु पूजन कार्यक्रम में संत गुरु प्रेम साहेब , संत सुदर्शन साहेब , संतश्री भगवत साहेब , संत पूर्ण साहेब , संत गोविंद साहेब , प्रीतम साहेब एवं गौरव साहेब तथा झाँसी कबीर आश्रम से पधारे संत सनजय साहेब सहित अन्य संतजनों गुरुजनों का स्थानीय, मध्यप्रदेश व अन्य प्रांतों से आए भक्तजनों व शिष्य गणों ने सद्गुरु पादुका व संतजनों का पूजनअर्चन किया। इस अवसर पर कबीर भजन गायन, सत्संग हुआ साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी सन्त भगवत साहेब कबीर आश्रम बड़ौनी ने दी।

# सीईओ भार्गव ने ग्राम पंचायत उढ़ी में किया पौधरोपण



**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ के तहत् मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दतिया कमलेश भार्गव के द्वारा ग्राम पंचायत उड़ी में एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत पौधा रोपण किया गया। उन्होंने कहा कि वृक्षों के बिना शुद्ध वातावरण वायु प्राप्त नहीं की जा सकती। जिसका उदाहरण कोरोना काल में देख लिया है। इसलिए सभी सचेत हो जाए एवम एक पौधा अवश्य लगाएं। इस दौरान जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक

**दतिया** - प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ 2024 के लिए फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 है। फसल बीमा कराने के लिए मात्र 10 दिवस शेष है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास डीएसडी सिद्धार्थ ने किसानों से अनुरोध किया है कि जिस बैंक में उनका किसान क्रेडिट कार्ड बना है, वहां जाकर फसल बुवाई प्रमाण-पत्र एवं पटवारी हल्के की जानकारी संबंधित बैंक में जाकर दें। अऋणि व डिफाल्टर कृषकों से आग्रह है कि अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए शीघ्र ही पास की बैंक शाखा जैसे सहकारी बैंक, क्षेत्रीत्र ग्रामीण बैंक तथा राष्ट्रीयकृत बैंक और नजदीक के कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) पर आवश्यक दस्जावेज जैसे पटवारी, सचिव एवं कृषक स्वयं बोई गई फसल का प्रमाण पत्र दे सकता है। बुवाई प्रमाण पत्र, भू-ऋण पुस्तिका, आधार कार्ड, बैंक पासबुक इत्यादि की छाया प्रति ले जाकर फसल बीमा करायें, ताकि उनकी फसलों का बीमा योजना के तहत् हो सकें।

# किसान भाईयों से फसलों में एनपीके उर्वरक का उपयोग करने हेतु अपील

**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** जिले में कृषकों को सलाह दी गई है कि वह डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरकों का प्रयोग करें। कृषि वैज्ञानिकों ने अपनी सलाह में कहा है कि डीएपी में केवल तत्व नाईट्रोजन व फास्फोरस प्राप्त होते है। जबकि एनपीके उर्वरक से फसलों के लिए आवश्यक सभी तीन मुख्य पोषक तत्वों नत्रजन, स्फुर एवं पोटाश की उपलब्धता होती है। इस प्रकार एनपीके उर्वरक से नत्रजन एवं स्फुर के अलावा पौधों के लिए अत्यंक महत्वपूर्ण तत्व पोटाश की पूर्ति किसान भाई सफलता पूर्वक कर सकते है। अत: एनपीके उर्परक का प्रयोग करने पर किसान भाईयों को अलग से पोटाश डालने की जरूरत नहीं पड़ती है व लागत में कमी आती है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास डीएसडी सिद्धार्थ ने किसान भाईयों के लिए डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद का उपयोग करने की सलाह दी है।

उपसंचालक कृषि ने कहा है कि फसलों में उर्वरकों का संतुलित उपयोग लाभदायक होता है। डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट और एनपीके का उपयोग अधिक लाभदायी है। इससे जमीन को सल्फर की प्राप्ति होती है। सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग खेत की तैयारी के समय किया जाता है। जिससे यह फसलों में अधिक कारगर रहता है। डीएपी में उपलब्ध 18 प्रतिशत नाईट्रोजन में से केवल 15 प्रतिशत नाईट्रोजन तथा 46 प्रतिशत फास्फोरस में से 39 प्रतिशत फास्फोरस पानी में घुलकर मिट्टी को प्राप्त होता है। जिससे मिट्टी कठोर हो जाती है एवं मिट्टी की जल धारण क्षमता कम हो जाती है। दलहन एवं तिलहन फसलों में 80:40:30 एनपीके तथा सल्फर का उपयोग लाभदायी होगा। किसान नैनो तकनीक पर आधारित खाद का भी उपयोग कर सकते है। फसलों के लिए 20 प्रतिशत नाईट्रोजन से युक्त नैनो तथा 8 प्रतिशत नाईट्रोजन एवं 16 प्रतिशत फास्फोरस से युक्त नैनो डीएपी उपलब्ध है। किसान भाई तरल यूरिया एवं डीएपी का प्रायोग कर सकते है।

# विधायक ने 60 लाख के विकास कार्यों का किया भूमि पूजन व लोकार्पण

## प्रदेश सरकार नेट नई-नई योजनाएं प्रदेश में लाने का काम कर रही है -विधायक



**इंदरगढ़ ।** ग्राम पंचायत ररुआजीवन द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान कार्यक्रम रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि सेवड़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल द्वारा 19.37 लाख के पांच निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया तथा 39.57 लाख के तीन निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया गया और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा रोपण किया।

मुख्य अतिथि विधायक अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज देखने में आ रहा है की प्रदेश में पेड़ों की संख्या नगण्य हो गई है फ्ल स्वरुप वर्षा भी बहुत कम हो रही है जिसकी चिंता प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार द्वारा व्यक्त की जाकर एक पेड़ मां के नाम विशेष अभियान चलाया गया इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश में करोड़ की संख्या में पेड़ों का वृक्षारोपण किया जा चुका है प्रतिदिन लाखों की संख्या पौधे लगाए जा रही है जिसके दूरगामी परिणाम सुखद होंगे ।

इसके साथ ही प्रदेश सरकार विकास की निरंतर नित नित नई-नई योजनाएं प्रदेश में लाने का काम कर रही है जिससे प्रदेश के जिले, तहसील, कस्बा और ग्राम विकास के शिखर को छू रहे हैं हमारा विधानसभा क्षेत्र भी विकास सेअछूता नहीं रहेगा ,आगामी 5 वर्षों में सेंवढा विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों की सौगात मिलेगी ऐसी मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्षा रविता जाटव द्वारा की गई विशिष्ट स्थिति में राम लखन सिंह गुर्जर ,अनूप दांतरे, डी एस यादव, सुकरण सिंह तोमर,सुजान सिंह रावत, बल बहादुर सिंह लोदी, डा दिनेश गुप्ता ,पहलवान कुशवाहा, देश राज सिंह गौर के अलावा पार्टी कार्यकर्ता हर नारायण सैन, जोगेनदर सिंह जाट, शिशु पाल सिंह यादव, अंकित कमरिया, लोकेनदर सिंह यादव अमजद खान व ग्राम के सरपंच मलखान सिंह जाटव, सचिव आशीष गुप्ता तथा बड़ संख्या में ग्राम वासी उपस्थित रहे ।

# अज्ञात युवक की पानी में डूबने से हुई मौत



**दतिया।** भांडेर थाना अंतर्गत गांव सिंहपुरा में रविवार दोपहर चक डेम में एक 25 वर्षीय युवक का शव पानी में उतरता मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के बाद दफ्ना दिया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में आया है कि युवक की मौत पानी में डूबने से हुई है।

पुलिस के मुताबिक, गांव सिंहपुरा में स्थित चक डेम में एक अज्ञात युवक का शव ग्रामीणों ने देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए अस्पताल भेजा। मृतक के पास ऐसा कुछ भी नहीं मिला जिस से उसकी पहचान हो सके। ग्रामीणों ने भी उसे पहचान ने से इनकार कर दिया। मृतक की उम्र करीब 25 साल के आसपास होगी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है।

# भारतीय सनातन संस्कृति में गुरु शिष्य परंपरा का विशेष महत्व है : विजय कुमार सीजी

रविन्द्र राणावत

**उज्जैन (चम्बल नवराष्ट्र)।** महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर विशिष्ट व्याख्यान एवं गुरू वंदन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंगलाचरण से हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ब्रह्मज्ञानी स्वामी दिव्यानंद जी महाराज ,श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर ,रेती घाट,ने गुरु वंदना करते हुए गुरु पूर्णिमा के महत्व को अनेकों पौराणिक कथाओं के माध्यम से समझाया उन्होंने कहा कि अज्ञान और अंधकार से ज्ञान और प्रकाश की ओर ले जाकर जो हृदय को निर्मल कर दे वही गुरु है। मिथ्या बंधन से गुरु ही मुक्त करा सकता है।




सारस्वतातिथि प्रो.केदार नारायण जोशी, पूर्व विभागाध्यक्ष , संस्कृत विभाग , विक्रम विश्वविद्यालय ने अपने वक्तव्य में कहा कि की परम शांति, गुरु के बिना मिलना दुर्लभ है। सनातन परंपरा में गुरु का स्थान देवताओं से भी ऊंचा है। गुरु के विषय में अनेकों शास्त्रों, पुराणों, उपनिषदों में बहुत विस्तार से लिखा गया है। इसलिए जीवन में गुरु का विशेष महत्व है। हमारी अनादि मान्यता के अनुसार गुरुपूर्णिमा महर्षि वेदव्यास के जन्मदिवस के रूप मनाते है।अध्यक्षीय उद्बोधन प्रदान करते हुए कुलगुरु प्रो. विजय कुमार सीजी ने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति में गुरु शिष्य परंपरा का विशेष महत्व है।

वास्तव में हम गुरु के माध्यम से ही यथार्थ को जान पाते है गुरु का कार्य जोड़ना है। योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण को जगतगुरु बनाने वाले गुरु संदीपनी एवं महर्षि व्यास है। सनातन गुरु-शिष्य परम्परा, सम्पूर्ण विश्व में स्तुत्य है ।गुरु के आदर्श एवं शिक्षा से विद्यार्थी का कल्याण होता है। कुलसचिव प्रो.दिलीप सोनी ने गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि गुरुओं के प्रति सदैव कृतज्ञता का भाव रहना चाहिए। स्वागत भाषण शिक्षाशास्त्र की विभाग प्रमुख एवं संयोजिका डॉ.पूजा उपाध्याय ने सह संयोजन डॉ.अनिल मुवेल ने संचालन डॉ.पूजा ने तथा आभार डॉ.शंकर वेरा ने माना। इस अवसर पर डॉ.अनुरुद्ध त्रिपाठी ने गुरु पादुका स्त्रोत का पाठ किया।कार्यक्रम में डॉ. अखिलेश कुमार द्विवेदी डॉ.अजय राठी अन्य आचार्य विद्यार्थीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चंबल नदी के नायन डैम में डूबा युवक, हुई मौत



**नागदा (चम्बल नवराष्ट्र)।** नागदा चंबल नदी के नायन डैम के समीप मछली पकड़ने गया एक युवक डूब गया। युवक को नदी में गोताखोरो कि मदद से खोज जा रहा है।

रविवार सुबह मनीष पिता रामसिंह कल्याणे (36) चंबल नदी पर मछली पकड़ने गया था। नायन डैम के के समीप सुबह करीब 9 बजे मछली पकड़ने के दौरान मनीष गहरे पानी में चला गया। बहुत खोजने के बाद युवक के नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। लोगों की सूचना पर बिरलाग्राम पुलिस मौके पर पहुंची। गोताखोरों की मदद से युवक को ढूंढने का प्रयास किया जा रहा है। बिरलाग्राम थाना एसआई संजय माथुर ने बताया कि युवक सुबह मछली का जाल लगाने नदी ने उतरा था डैम तरफ जाल लगाते वक्त उलझ गया और पानी में डूब गया। सूचना मिलने पर एनडीआरएफ की टीम, होमगार्ड के जवान, नगरसुरक्षा समिति के सदस्य सभी ने मिलकर तीन से चार घंटे मशक्कत करके युवक की बॉडी निकाली है। पीएम कराया जा रहा है। मामले में मर्ग कायम किया गया है।

# आषाढी गुरु पूर्णिमा पर शुभ, सुख पूजा और रामायण पाठ का भव्य आयोजन



रोहित चौहान

**देपालपुर (चम्बल नवराष्ट्र)।** गौतमपुरा रुणजी प्रतिवर्ष आने वाली अषाड मास की पूर्णिमा गुरु पूर्णिमा, पर होने वाली सुख पूजा का आयोजन हुआ, गांव रुणजी में यें पूजा सदियों पुरातन काल से चली आ रही हैं, इस पूर्णिमा के एक दिन पहले चतुर्दशी पर श्री रामायण जी का पाठ भगवान हनुमान मंदिर, चामुंडा माता मंदिर परिसर में हुआ , पांच से छे दिन पहले गांव में मुनादी की जाती हैं की पूजा के दिन गांव में कृषि कार्य और पूजा देने तक कुछ भी धार से काटना मनाही हैं, यें सकल पूजा पुरे गांव में सभी वर्ग मिल कर करते हैं, इसमें गांव और खेड़े खेत, के सभी देव, मंदिर, पूजनीय स्थान पर चोले चढ़ा कर पूजा में आमंत्रित किया जाता हैं,

पुरे वर्ष गांव में सुख समृद्धि, निरोगी रहे उसके लिए होती हैं, पूजा पशु धन, हानि और महामारियों से बचने के लिए हवन, पंच दिव्य ओषदी से अभिमत्रित करके रोगटिया गांव के मुख्य द्वार पर तोरण किया जाता हैं और जल को दिव्य ओषद किया जाता हैं, जिसमे कई प्रकार की जड़ी बूटी मिश्रित की जाती हैं, फिर हवन की भभूत मिला कर पुरे गांव में छीटकाया जाता हैं, मवेसियो को जल से प्रोक्षण कर रोगटिया तोरण से निकाल कर शुद्ध किया जाता हैं, जिससे पशु धन पर आध्यमिक रक्षा कवच रहता हैं, और स्वस्थ रहते हैं

## क्या हैं मान्यता

मान्यता हैं की इस दिन दान, गुरु सम्मान का दिन हैं, इस पूर्णिमा से तंत्र मन्त्र के अधिपति श्री शिव महाँकाल मृत्युलोक के अधिपति देव उठनी एकादशी तक कार्य भार सँभालते हैं, उनके समक्ष, रोग, शोक, संताप, अकाल मृत्यु से निवारण मिल जाता हैं, इस लिए शुभ सुख पूजा की जाती हैं,,पहले आदिकाल में गांव के चार द्वार पर अलग अलग पूजा देने के विधान थे,गांव के बहार कालका माता विराजित हैं जो गांव की रक्षा देवी के रूप में हैं, जिनको कद्दू की बली दी जाती थी,

## क्या विशेष हैं

अन्य कही नही होती ऐसे विधि से पूजा, पुरातन काल से रिवाज़ संस्कार और पूजा विद्यान का आयोजन गांव की जनता पीढ़ी दर पीढ़ी से कर रही हैं, पूजा में गांव के किसी वरिष्ठ पटेल,राजा या प्रमुख को बैठना होता हैं, जो सभी वर्गों का कल्याणकर्ता हो ऐसे को बिठाया जाता हैं मान्यता हैं की राजसि यज्ञ जैसा ही रिवाज़ हैं , ऐसा करने से प्रजा का कल्याण होता हैं, कुल पंडित गांव पुरोहित मिल कर अनुष्ठान करवाते हैं,

## इस दिन महिलाओ की भूमिका

इस दिन गांव की महिलाये सुबह जल्दी उठ कर घर को पोछा, धोना करती हैं हैं, और घर का कचरा समेट कर कचरा टोकरी में रख कर मुख्य द्वार से एक साथ निकल कर गांव से बहार फेक कर, स्नान उपरांत खाना बनाती हैं, इस कचरे को, बुराई का कचरा कहा जाता हैं, जिसे फेक दिया जाता हैं,क्या क्या ओषधि सामग्री प्रयोग होती हैंप्रयोग तंत्र मन्त्र के साथ,घृतकुमारी(गँवार पाठा ) नागफानी(हथिलिया थूवर )भगवान हनुमान जी की शरीर सिंदूर, हवन की राख,आक, चन्दन, नौ गृह लकड़ी अभिमन्त्रित नीबू, नाड़ा और गुप्त जड़ी बूटी प्रयोग की जाती हैं, सनातन संस्कृति की अदभुत पौराणिक पूजा होती हैं, जो बहुत भव्य होती हैं, ऐसे संस्कार को आज भारत की अतुल्य संस्कृति की विरासत हैं?।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान



शुभम राठौड़

**उन्हेल चंबल नवराष्ट्र ।** एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरित होकर रविवार को मुस्लिम समाज के द्वारा नगर परिषद के निकट स्थित कब्रिस्तान में पौधों रोपण किया गया। जिसमें नीम, शीशम, गुलमोहर गोंदी आदि के पौधे लगाए गए। साथ ही इनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी ली गई। इस अवसर पर जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना अकरम साहब, हाजी इब्राहिम पाक़ीज़ा, अधिवक्ता जाकिर खान, इसरार कुरैशी, वसीम पाक़ीज़ा, सत्तार चौधरी, फखरुद्दीन आदि मौजूद थे।

# भगवान श्री महाकालेश्वर की श्रावण की पहली सवारी आज

## एलईडी लगी गाड़ी तैयार, मनमहेश रूप में दर्शन देंगे बाबा महाकाल

**उज्जैन (चम्बल नवराष्ट्र)।** विश्व प्रसिद्ध बारह ज्योर्तिलिंगों में से एक दक्षिणमुखी भगवान श्री महाकालेश्वर की श्रावण-भाद्रपद माह में निकलने वाली सवारियों के क्रम में श्रावण माह के पहले दिन ही सोमवार 21 जुलाई को सवारी नगर भ्रमण पर अपने भक्तों को दर्शन देने के लिये परम्परागत मार्ग से निकलेगी। इस बार भक्तों को सवारी के दर्शन सुलभ हो इसके लिए मंदिर समिति चलित एलईडी के माध्यम दर्शन करवाएगी इसके लिए एक गाड़ी तैयार हो चुकी है जिसके माध्यम से श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे।

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक मृणाल मीना ने बताया कि भगवान श्री महाकालेश्वर की प्रथम सवारी ठाठ-बाट से परम्परागत मार्ग से निकलेगी। श्री मनमहेश स्वरूप का पूजन-अर्चन महाकाल मन्दिर के सभा मण्डप में होने के पश्चात भगवान श्री मनमहेश



पालकी में विराजित होकर शाम 4 बजे नगर भ्रमण पर निकलेंगे। मन्दिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र पुलिस बल के जवानों द्वारा पालकी में विराजमान भगवान श्री मनमहेश को सलामी (गार्ड ऑफ ऑनर) दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मंशानुरूप जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद के माध्यम से भगवान श्री महाकालेश्वर जी की सवारी में जनजातीय कलाकारों का दल भी सहभागिता करेगा। 22 जुलाई को धार के भील जनजातीय भगोरिया नृत्य के सदस्यों का दल सवारी में प्रस्तुति के लिए सम्मिलित होगा। वहीं चलित रथ के माध्यम से बाबा महाकाल की सवारी का लाइव प्रसारण किया जाएगा। इस चलित रथ की विशेषता यह है कि, इसमें लाइव बॉक्स रहेगा, जिससे लाइव प्रसारण निर्बाध रूप से होगा।

## यह रहेगा सवारी मार्ग

भगवान श्री महाकालेश्वर की पालकी मन्दिर से निकलने के बाद महाकाल रोड, गुदरी चौराहा, बक्षी बाजार और कहारवाड़ी से होती हुई रामघाट पहुंचेगी। जहां शिप्रा नदी के जल से भगवान का अभिषेक और पूजन-अर्चन किया जाएगा। इसके बाद सवारी रामानुजकोट, मोढ़ की धर्मशाला, कार्तिक चौक, खाती का मन्दिर, सत्यनारायण मन्दिर, ढाबा रोड, टंकी चौराहा, छत्रीचौक, गोपाल मन्दिर, पटनी बाजार, गुदरी बाजार से होती हुई पुन- श्री महाकालेश्वर मन्दिर पहुंचेगी।

# पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष चेतन भावसार ने जन्मदिन पर 1100 का समर्पण किया

रोहित चौहान

**देपालपुर (चम्बल नवराष्ट्र)।** गौतमपुरा पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष, भावसार समाज के वरिष्ठ समाजसेवी लोकप्रिय चेतन भावसार ने अपने जन्मदिन पर सेवा भारती द्वारा संचालित जीवन उमंग बालिका छात्रावास बिचोली मरदाना की बालिकाओं के शैक्षणिक विकास एवं भोजन के लिए 1100रु की राशि सेवा भारती के खाते में जमा की। इस पुनीत कार्य के लिए सोहनलाल परमार, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष विशाल राठी, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रमोद सक्सेना, सुनील सोलंकी, राजन कुमार विशुरिया, अजय भावसार सहित अनेक समाजसेवियों



इष्ट मित्रों ने भावसार के जन्मदिन की बधाई दी एवं दीर्घायु होने की कामना की। भावसार ने अपने जन्मदिन पर समाज जनों एवं इष्ट मित्रों से आवान किया कि वे राष्ट्र निर्माण एवं समाज हित में अपना योगदान प्रदान करें

## जयाप्रदा ने किए महाकाल के दर्शन, बोलीं-

# यहां आने से सब कुछ होता है शुभ

**उज्जैन (चम्बल नवराष्ट्र)।** भाजपा नेता और अभिनेत्री जयाप्रदा उज्जैन प्रवास के दौरान रविवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंची और बाबा महाकाल के दर्शन किए।पुजारी पंडित अर्पित गुरु ने पूजन संपन्न कराया। जयाप्रदा ने नंदी हॉल से भगवान का पूजन और अभिषेक किया। इस दौरान उन्होंने नंदी जी के कानों में अपनी मनोकामना भी कही। जयाप्रदा बाबा महाकाल की पूजा अर्चना के बाद नंदी हॉल में बैठकर भगवान शिव की भक्ति में लीन दिखाई दीं।

रिपोर्ट के अनुसार, मंदिर के पुजारी पंडित अर्पित गुरु ने कहा कि जयाप्रदा श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन करने पहुंची। भगवान की पूजा



अर्चना करने के बाद उनका आशीर्वाद लिया। इस बीच अभिनेत्री ने जय श्री महाकाल का उद्घोष भी किया। इसके बाद अभिनेत्री जयाप्रदा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर मैं बाबा महाकाल के दर्शन करने उज्जैन आई हूं। मैं जब भी इंदौर आती हूं तो यहां माथा टेकने जरूर आती हूं। यहां आने से सब कुछ शुभ होता है। मेरी आस्था है कि भगवान शिव हमेशा साथ रहेंगे।

# म.प्र. के आर्य स्कूल कॉलेज में मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा का महापर्व : सीएम डॉ यादव

## गुरु पूर्णिमा पर मुख्यमंत्री ने पूर्व कुल गुरुओं एवं शिक्षक गणों का किया सम्मान

**इंदौर (चम्बल नवराष्ट्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरुजनों का स्थान सर्वोच्च है।

गुरु शिक्षा के साथ ही ज्ञान का प्रसार भी करते हैं। वे अपने शिष्यों को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गुरुजनों का सम्मान भारतीय परंपरा और संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि गुरुजनों के सम्मान के लिए अब प्रदेश के हर स्कूल और कॉलेजों में गुरु पूर्णिमा का महापर्व हर वर्ष मनाया जाएगा। विद्यार्थियों को गुरुओं की महत्ता बताई जाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे इस आयोजन से जुड़े और गुरुओं के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में आयोजित गुरु पूर्णिमा के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक उषा ठाकुर, मालिनी गौड़, मधु वर्मा तथा गोलू शुक्ला, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा के.सी. गुप्ता, संभागायुक्त दीपक सिंह, पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता, कलेक्टर आशीष सिंह, गौरव रणदिवे, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की कुलगुरु रेणु जैन, महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के पूर्व कुलगुरु मिथिला प्रसाद त्रिपाठी भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने महाभारत के अनेक प्रसंगों का उल्लेख करते हुए गुरु शिष्य परम्पराओं का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि गुरु शिक्षा के साथ ही ज्ञान भी देते हैं। वे अन्याय एवं अधर्म से लड़ना सिखातें हैं। जीवन जीने की कला बताते हैं। गुरू शिक्षा और ज्ञान का दान करते हैं। इस कार्य में वे अपने कष्टों को भी बाधा नहीं बनने देते हैं। गुरु का साथ मिलते ही शिष्य के जीवन में सकारात्मक बदलाव आता है और वह सफतलता की ऊंचाईयों को प्राप्त करने लगता है।



उन्होंने कहा कि गुरु परम्परा समुचित मानवता को धन्य करने की परम्परा है। उन्होंने आचार्य सांदीपनि का उल्लेख विशेष रूप से करते हुए कहा कि गुरुजन राष्ट्रवादी सोच का प्रवाह अपने शिष्यों में करते हैं। आचार्य सांदीपनि इसका बेहतर उदाहरण है। आचार्य सांदीपनि ने अपने ज्ञान से राष्ट्र निर्माण और अपने राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव सिखाया है। गुरुओं का महत्व सबके के सामने आना चाहिए इसके लिये हमने अब प्रदेश में हर वर्ष स्कूल और कॉलेजों में गुरु पूर्णिमा का महापर्व पूर्ण आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि भारत देश को अपने ज्ञान के आधार पर ही विश्व गुरु का दर्जा मिला है।

कार्यक्रम में महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के पूर्व कुलगुरु मिथिला प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि गुरुओं का जीवन में अक्षुण्ण महत्व है। गुरु अंतस के अंधकार को भी मिटाता है। गुरु अपना सब कुछ शिष्य को दे देता है। गुरु शिष्य में प्रतिबिंबित होते हैं। गुरु ज्ञान के साथ ही संस्कार एवं जीवन मूल्य भी सिखाते हैं। गुरुओं के महत्व को बताने के लिये राज्य शासन द्वारा हर वर्ष गुरु पूर्णिमा का महापर्व मनाये जाने का निर्णय सराहनीय है।

भारतीय परंपरा में गुरु शिष्य संबंधों की महत्ता पर अपर मुख्य सचिव केसी गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के प्रारंभ में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. रेणु जैन ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय सहित अन्य विश्वविद्यालयों के पूर्व कुलगुरूओं एवं शिक्षक गणों का सम्मान भी किया गया। साथ ही गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय गणित पर लिखित पुस्तकों का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में उन्होंने मोढ़ी लिपि को देवनागरी लिपि में परिवर्तित करने का सॉफ्टवेयर तैयार करने वाली बालिका अंशिका जैन का भी सम्मान किया।

# रामनिवास के लिए घटाया नागर का कद, वन और पर्यावरण की सौंपी जिम्मेदारी

**भोपाल (चम्बल नवराष्ट्र)।** कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में आए और कैबिनेट मंत्री बनाए गए रामनिवास रावत को आखिरकार विभाग मिल गया है। सरकार ने रविवार को रामनिवास रावत को वन एवं पर्यावरण विभाग की जिम्मेदारी सौंप दी है। अभी तक यह विभाग अलीराजपुर से विधायक मंत्री नागर सिंह चौहान संभाल रहे थे। अब नागर सिंह चौहान के पास आदिवासी कल्याण विभाग ही रह गया है।लोकसभा चुनाव में नागर सिंह चौहान की पत्नी रतलाम से सांसद चुनी गई हैं।

**उपचुनाव में आसान नहीं राह**-लोकसभा चुनाव के दौरान श्योपुर जिले की विजयपुर विधानसभा सीट से 6 बार के विधायक कांग्रेस के सीनियर नेता रहे रामनिवास रावत ने बीजेपी ज्वाइन कर ली थी। लंबे इंतजार के बाद सरकार में उन्हें 8 जुलाई को कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ दिलाई गई थी। इसके पहले उन्होंने विधानसभा में अपना इस्तीफा भेज दिया था। 12 दिन बाद उन्हें अब विभाग आवंटित कर दिया गया है। उधर जल्द ही विजयपुर सीट पर उपचुनाव होने जा रहा है। रामनिवास रावत का इस सीट से मैदान



में उतरना लगभग तय माना जा रहा है। हालांकि अंदरूनी विरोध के चलते उनकी राह आसान नहीं दिखाई दे रही है।

**अब जिलों के प्रभार का इंतजार**-रामनिवास रावत को विभाग दिए जाने के बाद अब मंत्रियों को जिलों के आवंटन जल्द होने की उम्मीद जाग गई है। बताया जा रहा है कि मंत्रियों को 15 अगस्त के पहले मंत्रियों को जिलों के प्रभार का बंटवारा हो जाएगा। पिछले दिनों मुख्यमंत्री मोहन यादव ऐलान कर चुके हैं कि मंत्री अपने प्रभार वाले जिलों में झंडा फहराएंगे। पिछले दिनों दिल्ली दौरे के दौरान मुख्यमंत्री पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर चुके हैं। रामनिवास रावत को विभाग दिए जाने के बाद माना जा रहा है कि जल्द ही मंत्रियों की प्रभार वाले जिलों की लिस्ट जारी हो जाएगी।

## चल समारोह का स्वागत एवं गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया



खाचरौद (चम्बल नवराष्ट्र)। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के तत्वावधान में आज दामोदर वंशीय जूना गुजराती दर्जी समाज के धर्मगुरु टेक चंद महाराज के चल समारोह का स्वागत विधायक डॉक्टर तेज बहादुर सिंह चौहान की उपस्थिति में स्थानीय गणेश देवली चौराहे पर किया गया। स्वागत समारोह में मंडल अध्यक्ष अनिल छाजेड़ ,बंटी जायसवाल,विनोद चतुर्वेदी बाबूलाल राठौर ,अश्विन डिंडोरकर ,अखिलेश शर्मा ,सौरभ जैन ,सुमित गेलडा ,नितेश गगरानी, प्रवीण नायक ,नीतीश सिसोदिया, प्रवीण रुनवाल?? ,संजय गांग,आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के आह्वान पर नगर मंडल द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नगर के साहित्यकार श्याम सुंदर भट्ट का स्वागत अभिनंदन विधायक डॉक्टर तेज बहादुर सिंह जी चौहान के अतिथि में उनके निवास पर जाकर शाल श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया गया। इसी तरह नगर के रामद्वारा के संत तोताराम जी महाराज का राम द्वारा पहुंचकर स्वागत अभिनंदन कर गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम मनाया गया।

# दो महिलाओं को दबंगों ने जिंदा जमीन में गाड़ा

## रूह कपा देने वाला किया दुस्साहस

**भोपाल (चम्बल नवराष्ट्र)।** प्रदेश से दिल दहला देने वाला एक वीडियो सामने आया है। यहां दो महिलाओं को जमीन में जिंदा गाड़ने का दुस्साहस किया गया। दबंगों ने इन दोनों महिलाओं पर मुरुम डाल कर उन्हें जिंदा ही जमीन में दफन करने का प्रयास किया।

एक वीडियो सामने आया है जिसमें दिख रहा है कि यह दोनों महिलाएं जमीन के नीचे कमर तक धंसी हुई हैं। ट्रक से इन महिलाओं पर मुरुम डाला जा रहा है। पुलिस ने रविवार को बताया कि घटना रीवा जिले की है। बताया गया है कि यह महिलाएं सड़क निर्माण का विरोध कर रही थीं।

इस घटना को लेकर केस दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक, घटना मंगावा थाना क्षेत्र के हिनोता जोरोट गांव की है। जो वीडियो सामने आया है उसमें नजर आ रहा है कि दो महिलाएं ट्रक के पीछे बैठी हैं और उनपर मुरुम डाल दिया जाता है। इस घटना को लेकर स्क विवेक लाल ने कहा कि ममता पांडे और आशा पांडे सड़क निर्माण का विरोध कर रही थीं और फिर उन्हें जमीन में आधा गाड़ दिया गया। पुलिस इस मामले में जांच-पड़ताल कर रही है और सबूतों के



आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

कुछ मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि हिनौता गांव में दो पक्षों के बीच कई दिनों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार को राजेश सिंह नाम का एक शख्स अपनी जेसीबी और मुरुम से भरा डंपकर लेकर इस जमीन पर सड़क निर्माण के लिए पहुंचा था। लेकिन आशा पांडे और ममता पाडे का दावा है कि यह जमीन उनकी है और दोनों महिलाएं इस निर्माण का विरोध करने पहुंची थीं। बताया जा रहा है कि इस बात से दूसरे पक्ष को गुस्सा आ गया। जिसके बाद दूसरे पक्ष से वहां मौजूद कुछ दबंगों ने महिलाओं के साथ मारपीट की और फिर मुरुम डालकर उन्हें जिंदा ही जमीन में दफन कर देने का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि एक महिला के मुरुम डालने की वजह से एक महिला सिर तक जमीन में दफन हो गई और दूसरी महिला कमर तक धंस गई। बड़ी मुश्किल से दोनों महिलाओं को जमीन के अंदर से निकाला गया है।

इधर इस वारदात को लेकर अब सियासत भी शुरू हो गई है। इस मामले में भोपाल कांग्रेस की तरफ से ऐक्स पर इस वारदात का एक वीडियो ट्वीट करते हुए कहा गया है, %बीजेपी के 20 साल के कुशासन का नतीजा है कि हर जिले में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। यह वायरल वीडियो रीवा जिले के एक गांव का है जहां बदमाशों ने महिलाओं की हत्या करने की कोशिश की है। मध्य प्रदेश में महिला सुरक्षा शून्य है। यह घटना काफी शर्मनाक है।

# बुरहानपुर में टपरे में शिक्षा व्यवस्था, खस्ताहाल स्कूल की हालत, नहीं आ रहे बच्चे

**भोपाल/बुरहानपुर चम्बल नवराष्ट्र ।** आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र धुलकोट में शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है। फालिया में बदहाल स्कूल भवन चिंताजनक है। ताजा मामला परतकुंडिया गांव के मलगांव फालिया से सामने आया है। यहां शासकीय प्राथमिक स्कूल के बच्चों की भवन के अभाव में उपस्थिति कम हो गई है। दरअसल इस फालिया में एक साल पहले तक खुद का स्कूल भवन था, लेकिन जर्जर होने के कारण उसकी छत तोड़ दी है। एक साल बाद भी इसका नवीनीकरण नहीं कराया गया है। जिसके चलते शिक्षक बच्चों को टपरो में बैठाकर पढ़ाने के लिए मजबूर है, लेकिन जिम्मेदार बच्चों के लिए स्कूल की मरम्मत तक कराना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। हालात यह है कि ग्रामीण के टपरे में स्कूल संचालित किया जा रहा है।





**स्कूल के भवन में नहीं है छत**-बुरहानपुर जिला मुख्यालय से 80 किमी दूर परतकुंडिया गांव के मलगांव फालिया में सरकारी स्कूल की स्थिति बद से बदतर हो गई है। यहां शिक्षा विभाग ने 1995 में प्राथमिक शाला का निर्माण कराया था। भवन पुराना हो गया था। इस कारण बरसात में छतों से पानी टपकता था, छत नीचे झुक गई थी। जिसके चलते शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल के छत को 15 महीनों पहले गिरा दिया था।जिसके बाद से अब तक ना ही शिक्षा विभाग और ना ही ग्राम पंचायत ने इसकी सुध ली है।

**स्कूल की दीवारें जर्जर**-बता दें कि नवीनीकरण के नाम पर यहां एक साल पहले ग्राम पंचायत ने टीन की चादरें बिछाई थी, लेकिन स्कूल भवन की दीवारें जर्जर हो गई है। जो कभी भी गिर सकती है, इसको देखते हुए शिक्षक ने एक ग्रामीण के टपरे में स्कूल लगा रहे हैं। स्कूल भवन की छत गिराने के बाद कई पालक तो ऐसे हैं। जिन्होंने अपने बच्चों को स्कूल भेजना ही बंद कर दिया है। अब इसका खमियाजा बच्चों और शिक्षकों को भुगतना पड़ रहा है।

**पूरा स्कूल एक महिला शिक्षिका के सहारे**-चारों दिशाओं से झुकती दिवारों पर पंचायत ने स्कूल भवन की छत पर टीन डाल दी है। जिससे पालक नाखुश है, उनका कहना है कि छत की तरह स्कूल की दीवारें भी जर्जर हो चुकी हैं, जो कभी भी गिर सकती हैं। जिससे बच्चों की जान को खतरा है, इसलिए बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे है। इतना ही नहीं शासकीय प्राथमिक मलगांव फालिया स्कूल में दो शिक्षक पदस्थ हैं, लेकिन लंबे समय से महज एक ही महिला शिक्षक स्कूल पहुंच रही है, जो बार बार विभागीय अधिकारियों को इस संबध में मौखिक एवं लिखित शिकायत कर चुकी है। जिससे अब वह भी बच्चों को टपरों में ही पढ़ाना एक आखरी विकल्प समझ रही है।

# मध्य प्रदेश में बागियों पर कांग्रेस के तेवर सख्त, धोखा देने वाले पार्टी में नहीं किए जाएंगे शामिल

**भोपाल (चम्बल नवराष्ट्र)।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी बागी नेताओं को लेकर सख्त तेवर अपनाई हुई है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि चुनाव के समय धोखा देने वाले नेता पार्टी में शामिल नहीं किए जाएंगे। जीतू पटवारी ने बताया, शनिवार को कांग्रेस पॉलीटिकल अफेयर की मीटिंग थी। इसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास हुआ है कि जिस किसी ने भी कांग्रेस पार्टी को धोखा दिया है। उसमें से एक भी व्यक्ति को अब कांग्रेस में जगह नहीं देनी है। अगर किसी को भी कांग्रेस में लिया जाएगा, तो जिला और ब्लॉक स्तर पर उसकी मॉनिटरिंग की जाएगी। कांग्रेस नेता ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, सभी जानते हैं कि प्रदेश में प्रशासन द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का दमन



किया जा रहा है। उन्होंने भिंड की एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि प्रशासन को दमन की खुली छूट दे दी गई है।उन्होंने कहा, भाजपा की नीति इस प्रदेश के दलितों पर, कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर और अल्पसंख्यक परिवार के लोगों पर अत्याचार करना और अपराधियों को छूट देना है। कांग्रेस नेता ने इंदौर की घटना का जिक्र करते हुए बताया कि पुलिस के सामने एक फौजी ने विकास यादव नाम के शख्स को गोली मार दी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विनीत गुप्ता, एम.आई.आफसेट वर्क्स, 91, रशीदिया स्कूल के पास बरखेड़ी, भोपाल से मुद्रित तथा सीओ मो. नफीस कुरैशी 91, रशीदिया स्कूल के पास, बरखेड़ी, भोपाल-462008 से प्रकाशित। सम्पादकः विनीत गुप्ता मो. 8889307028, कार्यकारी सम्पादक महेन्द्र राय। RNI No. MPHIN/2018/77427 (समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा।)